

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 4 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-036 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पद्मश्री योग गुरु बाबा शिवानंद का निधन

**वाराणसी ,4 मई।** पद्मश्री से सम्मानित 128 वर्षीय योगगुरु बाबा शिवानंद का शनिवार रात 8-45 बजे निधन हो गया। वे पिछले तीन दिनों से सांस लेने में तकलीफ के चलते बनारस हिंदू विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती थे। बाबा शिवानंद सादगी, योग और ब्रह्मचर्य से परिपूर्ण जीवन जीते थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी योग साधना के कायल थे। 21 मार्च 2022 को उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से नवाजा गया था, और वे यह सम्मान पाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बने थे। उनका जन्म 8 अगस्त 1896 को वर्तमान बांग्लादेश के श्रीहट्टी में हुआ था। भीख मांगने वाले ब्राह्मण परिवार में जन्मे शिवानंद को 4 साल की उम्र में उनके माता-पिता ने आध्यात्मिक गुरु बाबा ओंकारानंद गोस्वामी को सौंप दिया। 6 साल की उम्र में परिवार की भूख से मौत के बाद वे आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर हुए और आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करते रहे। बाबा भेलूपुर, दुर्गाकुंड स्थित कबीर नगर आश्रम में रहते थे। वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बाबा शिवानंद हर चुनाव में मतदान के लिए वाराणसी जरूर आते थे और हाल ही में प्रयागराज कुंभ में संगम स्नान भी किया था।

### केदारनाथ के बाद बद्रीनाथ धाम के भी खुले कपाट

**चमोली ,4 मई।** बद्रीनाथ धाम के कपाट आज रविवार सुबह 6 बजे खोल दिए गए हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी ने गणेश पूजा के बाद मंदिर के कपाट खोले। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ थी और महिलाओं ने लोकगीत गाए। गढ़वाल राइफल्स के बैंड ने पारंपरिक धुनें बजाई। इसी के साथ चारधाम यात्रा पूरी तरह से शुरू हो गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री-यमुनोत्री धाम और 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खोले गए थे। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद अगले 2 घंटे में 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पूजन-दर्शन किए। श्रद्धालु अगले 6 महीने तक भगवान बद्रीविशाल के दर्शन कर पाएंगे। 3 मई को भगवान बद्रीविशाल की पालकी, आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी, कुबेर और उद्धव की उत्सव डोली धाम पहुंची थी। यमुनोत्री धाम की तरह ही श्रद्धालु बद्रीनाथ मंदिर में मौजूद तप्त कुंड में स्नान करके भगवान के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बर्फीले पहाड़ों से घिरे बद्रीनाथ धाम में मौजूद तप्त कुंड में अलकनंदा नदी के जल की गर्म धारा आती है। मान्यता है कि जो भी तप्त कुंड में स्नान कर भगवान बद्री विशाल के दर्शन करता है उसे बैकुंठ धाम प्राप्त होता है।

### ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में कर्मचारियों की छुट्टी रद्द

**जबलपुर ,4 मई।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जबलपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टी को कैंसिल कर दिया गया है। जबलपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री भारतीय सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली बड़ी फैक्ट्रियों में से एक है। यह सशस्त्र बलों को गोला-बारुद उपलब्ध कराती है। वहीं इसके पीछे की वजह के बारे में बताया गया है कि उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ऐसा कदम उठाया गया है। दरअसल, मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में आयुध निर्माणी खमरिया में अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबी छुट्टियों को रद्द कर दिया गया है। ऐसे में अब यहां कार्यरत कर्मचारी या अधिकारी दो दिन से अधिक की छुट्टियां नहीं ले सकेंगे। बता दें कि जबलपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में करीब 4,000 लोगों को रोजगार मिलता है। यह म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) की सबसे बड़ी इकाइयों में से एक है, जो भारतीय सशस्त्र बलों को गोला-बारूद उपलब्ध कराती है।दरअसल, एक तरफ पाकिस्तान के नेता आरोप लगा रहे हैं कि भारत उनपर हमला करने की कोशिश कर रहा है। वहीं, दूसरी तरफ पाकिस्तान की सेना खुद ही लगातार जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा यानी रुष्ष्ट पर सीजफायर का उल्लंघन कर रही है। पाकिस्तान की तरफ से बीते 10 दिनों से लगातार सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है।

## खौफ में पाक ने बुलाई नेशनल असेंबली की आपात बैठक

**करांची,4 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ताबड़तोड़ आर्थिक एक्शन से पाकिस्तान बुरी तरह घबराया हुआ है। पाकिस्तान के मंत्रियों और नेताओं को हर दिन भारत के हमला करने का खौफ सता रहा है। इस बीच भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान ने नेशनल असेंबली की आज आपात बैठक बुलाई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार आधी रात को बड़ा फैसला लेते हुए सोमवार शाम 5 बजे पाकिस्तान नेशनल असेंबली का विशेष सत्र बुलाया है। पाकिस्तान की सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफपाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54 की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने संसद भवन, इस्लामाबाद में सोमवार, 5 मई, 2025 को शाम 5 बजे राष्ट्रीय असेंबली की बैठक बुलाई है। ये बैठक 5 मई, 2025 को शाम 5 बजे इस्लामाबाद स्थिति संसद भवन में होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आगामी सत्र में मुख्य रूप से पाकिस्तान और भारत के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के भारत के हालिया फैसले पर विशेष जोर दिया जाएगा। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान की सरकार भारत की कार्रवाई के जवाब में नेशनल असेंबली की कार्रवाई के दौरान एक कड़ी निंदा प्रस्ताव पेश करने की तैयारी कर रही है।



पाकिस्तान में इस तरह की आपात बैठकें तब बुलाई जाती हैं जब राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा महसूस हो। राष्ट्रपति की तरफसे बुलाई गई नेशनल असेंबली की इस विशेष बैठक में सभी दलों के नेता, सुरक्षा विशेषज्ञ और मंत्रीगण उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में कई जरूरी मुद्दों पर चचाज़् होने की संभावना जताई जा रही है, जो खासकर मौजूदा स्थिति पर आधारित हो सकते हैं।

## पाकिस्तानी महिला से निकाह करने वाला सीआरपीएफ जवान बर्खास्त

**श्रीनगर,4 मई।** पाकिस्तानी महिला से निकाह करने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मुनीर अहमद खान को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सीआरपीएफ जवान पर यह एक्शन पाकिस्तानी महिला से शादी छिपाने के लिए किया गया है। वहीं मुनीर अहमद ने मुख्यालय को जानकारी देने के बाद ही शादी करने का दावा किया है। मुनीर ने कहा कि शादी करने से पहले उन्होंने सीआरपीएफ मुख्यालय से अनुमति ली थी। मनीर ने न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने देश से सभी पाकिस्तानियों को बाहर जाने का आदेश दिया है। इस बीच जम्मू-कश्मीर का एक सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद खान सुर्खियों में आ गया। दरअसल मुनीर अहमद ने पाकिस्तानी महिला से शादी की थी। सीआरपीएफ जवान ने फोन पर ही पाकिस्तानी महिला से मोहब्बत की और निकाह कर लिया था। अब अपनी इस लव स्टोरी के चलते नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने शनिवार को पाकिस्तानी महिला से शादी की बात छिपाने वाले जवान को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। नौकरी से बर्खास्त होने के बाद सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद ने बड़ा दावा किया। मुनीर ने कहा कि शादी करने से पहले उन्होंने सीआरपीएफ मुख्यालय से अनुमति ली थी। एक एजेंसी से बातचीत के दौरान मुनीर ने कहा कि मुझे मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से अपनी बर्खास्तगी के बारे में पता चला। वहीं, इसके तुरंत बाद मुझे सीआरपीएफ से एक पत्र मिला, जिसमें मुझे बर्खास्तगी के बारे में बताया गया था। यह पत्र मेरे और मेरे परिवार के लिए एक झटका था। हालांकि, मैंने मुख्यालय से एक पाकिस्तानी महिला से शादी की अनुमति मांगी थी और मुझे अनुमति मिल गई थी। इसके बाद ही मैंने शादी किया था।



## तीनों सेनाओं को पाक के खिलाफ कार्रवाई की मोदी ने दी खुली छूट



**नई दिल्ली,4 मई।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इससे पहले नौसेना प्रमुख ने भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। नेवी चीफ ऐडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को लोककल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी से मुलाकात की थी। वहीं कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग की थी। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी शामिल हुए थे। सूत्रों ने बताया कि वायुसेना प्रमुख ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक की। उन्होंने हालांकि इससे अधिक कोई जानकारी नहीं दी। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की भी उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। इसके बाद सरकार ने सेनाओं को एक्शन लेने की खुली छूट दे दी। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में पहले ही कहा गया था कि 19 अप्रैल के आसपास आतंकी हमला करने का प्लान बना रहे हैं। हालांकि इस रिपोर्ट में लोकेशन श्रीनगर की बताई गई थी। श्रीनगर के आसपास सुरक्षा भी बढ़ाई गई लेकिन आतंकियों ने अपना प्लान बदल दिया और पहलगाम में मासूम पर्यटकों को निशाना बनाया। इसके बाद भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित का ऐलान कर दिया। भारत के सख्त रुख से पाकिस्तान बेहद घबरा गया है। भारतीय नौसेना में अरब सागर में युद्धाभ्यास भी शुरू कर दिया है। 3 मई से नौसेना लाइव फायल ड्रिल कर रही है। इसका मतलब वास्तविक युद्ध जैसा माहौल बनाकर युद्धाभ्यास किया जा रहा है। वहीं गुजरात तट से 85 किलोमीटर की दूरी पर पाकिस्तान की सेना भी अपने हथियारों का जोर आजमाने में लगी है। हालांकि अगर भारत और पाकिस्तान समंदर में आमने-सामने आ भी जाते हैं तो पाकिस्तान की सेना का चार दिन टिकना भी मुश्किल हो जाएगा। आतंकियों का सरपरस्त रहा पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया है। पाकिस्तान की सेना खुलकर आतंकियों का समर्थन करती दिख रही है। जब से भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने का ऐलान किया है तब से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पहले तो वह अपने सदाबहार साथियों से मिन्नतें करने लगा। काम नहीं बना तो गीदड़भभकी का रास्ता अख्तियार कर लिया। अब लगातार 10 दिनों से एलओसी पर पाकिस्तान की तरफ से सीजफायर का उल्लंघन हो रहा है जिसका भारतीय सुरक्षाबल मुंहतोड़ जवाब देते हैं।

### रामबन के पास खाई में गिरा सेना का वाहन, 2 सैनिकों की मौत

**श्रीनगर,4 मई।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भारतीय सेना का एक वाहन खाई में गिर गया, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। यह घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी छस्मा के पास हुई। फिलहाल राहत और बचाव का कार्य जारी है। पुलिस, एसडीआरएफ, स्थानीय लोग और सेना की टीमों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया है। तस्वीरों में 700 फीट गहरी खाई में वाहन के क्षतिग्रस्त अवशेष दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर सैनिकों के शव, उनके सामान और कुछ कागजात बिखरे पड़े हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बैटरी चश्मा के पास 11.30 बजे के करीब यह दुर्घटना हुई।



## 1984 के सिख दंगों की जिम्मेदारी लेने को राहुल गांधी तैयार

### बोले- कांग्रेस राज में गलतियां हुईं

**नई दिल्ली,4 मई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों पर अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में कांग्रेस की गलतियों को स्वीकारते हुए कहा कि वे पार्टी के इतिहास में हुई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं, भले ही यह घटना उनके राजनीति में आने से पहले की हो। यह बयान उन्होंने वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में आयोजित एक सत्र के दौरान दिया, जब एक सिख युवक ने उनसे तीखे सवाल किए। सिख युवक ने राहुल गांधी से पूछा, आपने कहा था कि बीजेपी राज में सिखों को कड़ा पहनने और पगड़ी बांधने से रोका जा सकता है, लेकिन कांग्रेस ने खुद भी सिखों को अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी। क्या आप 1984 के दंगों सज्जन कुमार जैसे नेताओं को बचाने की पार्टी



की भूमिका की जिम्मेदारी लेंगे? राहुल गांधी ने सिख युवक के सवाल के जवाब में कहा, बहुत सी गलतियां तब हुईं जब मैं राजनीति में नहीं था, लेकिन मैं कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1984 में जो हुआ वह गलत था। मैं कई बार स्वर्ण मंदिर जा चुका हूं और सिख समुदाय के साथ मेरे अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासनकाल में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर जो डर है, वह वास्तविक है। राहुल गांधी के इस बयान पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, राहुल गांधी अब न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में मजाक का पात्र बन चुके हैं।÷ दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, ÷यह सिखों के दर्द और गुस्से की अभिव्यक्ति थी। राहुल गांधी का बयान कोई माफी नहीं, बल्कि एक राजनीतिक ड्रामा था। आपको बता दें कि 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद पूरे देश, विशेषकर दिल्ली में सिख समुदाय के खिलाफ भीषण हिंसा हुई थी। हजारों सिखों की हत्या कर दी गई थी। 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में सिख समुदाय से माफी मांगी थी। इसके बाद सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भी खेद जताया था।

## पाकिस्तान से युद्ध करेंगे भी या नहीं: संजय राउत

**मुंबई,4 मई।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से हां एक तरफ PM नरेंद्र मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ बैठकें कर रहे हैं। पाकिस्तान को आर्थिक रूप से भिखमंगा बनाने के लिए कई एक्शन लिए है। वहीं देश का नागरिक पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का इंतजार कर रहा है। शिवसेना क्क्ष भी लगातार केंद्र सरकार से जवाबी कार्रवाई की मांग कर रही है। हालांकि 12 दिन बाद भी सैन्य कार्रवाई नहीं होने पर शिवसेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। संजय राउत ने सवाल उठाते हुए पूछा कि पाकिस्तान से युद्ध करेंगे भी या नहीं? क्या भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध सचमुच होगा? उद्धव ठाकरे के सांसद संजय राउत ने मोदी पर निशाना साधते हुए पूछा है कि क्या भारत-पाक युद्ध वास्तव में होगा। साथ ही उन्होंने PM पर जाति जनगणना की घोषणा कर के ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में संजय राउत ने लिखा, जब भारत-पाक युद्ध की संभावना पर चर्चा हो रही थी, उसी समय प्रधानमंत्री मोदी ने जाति जनगणना के फैसले की घोषणा की। इससे युद्ध की चर्चा का रास्ता पूरी तरह से बदल गया।

## भारत निर्वाचन आयोग जल्द लॉन्च करेगा सुपर ऐप 'ECINET'

**नई दिल्ली,4 मई।** भारत निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सरल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए जल्द ही सिंगल स्टॉप प्लेटफॉर्म एप लॉन्च करने जा रहा है। निर्वाचन आयोग ECINET के नाम से एक नया डिजीटल प्लेटफॉर्म तैयार कर रही है, जिसमें 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन समाहित होंगे। यह कदम निर्वाचन अधिकारी, राजनीतिक दल और मतदाताओं के लिए काफी उपयोगी माना जा रहा है। ECINET को आसान यूजर एक्सपीरियंस और अट्रैक्टिव यूजर इंटरफेस के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे सभी चुनावी गतिविधियाँ एक ही मंच से पूरी की जा सकेंगी। इससे उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और अलग-अलग लॉगिन याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस मंच की कल्पना मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान की गई थी, जिसमें निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे। ECINET उपयोगकर्ताओं को डेस्कटॉप या स्मार्टफोन के माध्यम से चुनावी डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा।

## आतंकियों के घरों में जाती थीं महबूबा मुफ्ती: फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,4 मई।** पहलगाम हमले के बाद देश ही नहीं बल्कि जम्मू कश्मीर में भी सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। जम्मू कश्मीर नेशनल कांग्रेस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला में पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती पर निशान साधते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि महबूबा मुफ्ती को सोचना चाहिए कि वह कौन से लोग थे जिन्होंने हमारे पंडित भाइयों को यहां से निकला इस पर उन्हें जवाब देना चाहिए। इशारों में फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं जिन जगहों पर यानी कि आतंकवादियों के पास नहीं जा सकता था वहां महबूबा खुले आम जाती थी। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जरूरी नहीं है कि मैं महबूबा मुफ्ती की हर बात का जवाब दूं यह



अच्छा नहीं लगेगा। पहलगाम हमले के पीछे स्थानीय लोगों को सपोर्ट करने वाली बात पर महबूबा मुफ्ती को कहते हुए फारूक अब्दुल्ला ने करारा जवाब दिया। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं यह साफ कहना चाहता हूं कि हम कभी भी आतंकवाद का समर्थन नहीं करते थे और ना ही करेंगे। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि हम कभी भी पाकिस्तानी ना तो थे और ना ही होने वाले हैं। हम भारत का अटूट अंग हैं और हम भारत के सर का मुकुट हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि मैं पर्यटन स्थल पर शहीद हुए उन सभी पर्यटकों के परिवार वालों को यह कहना चाहता हूं कि हम भी उतना ही रोए हैं जितना आप रोए हैं। मैंने कहा कि आज भी हमें यह सोचकर नींद नहीं आती कि ऐसे दरिंदे आज भी मौजूद है जो इंसानियत का कत्ल खुलेआम करते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इन कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं होने दिया जाएगा और इसका बदला लिया जाएगा।

## पाकिस्तान ने भारत को दी परमाणु हमले की धमकी

**मास्को,4 मई।** राजदूत जमाली ने कहा, जब भारत और पाकिस्तान की बात आती है, तो हम संख्यात्मक ताकत की इस बहस में शामिल नहीं होना चाहते। हम अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे - पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह की ताकत। उन्होंने जोर




देकर कहा कि पाकिस्तान के लोगों द्वारा समर्थित सशस्त्र बल पूरी ताकत के साथ जवाब देंगे। पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति है। इस बीच, पाकिस्तान के राजदूत ने रूस में भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। मुहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि अगर नई दिल्ली पड़ोसी देश पर हमला करता है तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों सहित अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। आर.टी. के साथ एक साक्षात्कार में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने दावा किया कि कुछ लीक हुए दस्तावेजों से पता चला है कि भारत पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करेगा और संघर्ष आसन्न है। उन्होंने कहा, भारत के उन्मादी मीडिया और उस तरफ से आने वाले गैरजिम्मेदाराना बयानों ने हमें मजबूर कर दिया है। कुछ अन्य लीक हुए दस्तावेज हैं, जिनके अनुसार पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करने का फैसला किया गया है। इसलिए, इससे हमें लगता है कि ऐसा होने वाला है और यह आसन्न है। जमाली ने कहा, जब भारत और पाकिस्तान की बात आती है, तो हम संख्यात्मक ताकत की इस बहस में शामिल नहीं होना चाहते। हम अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे - पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह की ताकत। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के लोगों द्वारा समर्थित सशस्त्र बल पूरी ताकत के साथ जवाब देंगे। इससे पहले, पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने खुले तौर पर भारत को परमाणु जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी।

## राहुल गांधी को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने हिंदू धर्म से किया बहिष्कृत

### मनु स्मृति को लेकर बयान पर भड़के

**नई दिल्ली,4 मई।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को हिंदू धर्म से बहिष्कृत करने का एलान किया है। शंकराचार्य ने कहा कि आज से राहुल गांधी को हिंदू धर्म का न माना जाए। दरअसल, राहुल गांधी ने संसद में मनुस्मृति को लेकर बयान दिया था। इस पर शंकराचार्य ने राहुल गांधी से स्पष्टीकरण मांगा था। इस संबंध में उन्हें पत्र भी भेजा गया था लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी राहुल गांधी की ओर से कोई जवाब नहीं आया। अब शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने उन्हें हिंदू धर्म से बहिष्कृत करने की सार्वजनिक घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंदू धर्म का अपमान किया है। उन्होंने कहा है कि आपकी मनुस्मृति



को मैं नहीं मानता। मैं संविधान को मानता हूं। जबकि वास्तविकता यह है कि हर हिंदू और सनातन धर्मी मनुस्मृति से संबंधित है। शंकराचार्य ने बताया कि उन्हें रिमाइंडर भी भेजा गया था। अब तीन महीने बीत गए हैं। बहुत से लोग यह भी कह रहे हैं कि उन्हें हिंदू धर्म से क्या बहिष्कृत करेंगे, वह तो हिंदू हैं ही नहीं। तीन महीने की अवधि में उन्होंने अपनी ओर से इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने के लिए कुछ भी नहीं किया। तब हम लोगों ने यह निष्कर्ष निकाला कि राहुल गांधी मनुस्मृति में अश्रद्धा रखते हैं। वह मनुस्मृति के बारे में संसद में खड़े होकर गलतबयानी कर रहे हैं। जबकि मनुस्मृति में बलात्कारी को संरक्षित करने की बात नहीं लिखी है। यह बात आप मनु स्मृति को बदमान करने के लिए कह रहे हैं। हर हिंदू चाहे वाहे सहमत हो या नहीं हो वो मनु स्मृति को अपना धर्मग्रंथ तो मानता ही है। आप मनु स्मृति को अपना ग्रंथ नहीं कह रह रहे हो इसका मतलब आप हिंदू नहीं हो। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि तय हो गया है कि राहुल गांधी हिंदू धर्म के विरुद्ध काम कर रहे हैं। जनता के सामने यह स्पष्ट किया जाता है कि संभवतः वह हिंदू नहीं हैं। इसलिए आज से उन्हें हिंदू न माना जाए। हिंदू पुरोहित पंडित हिंदू विधि से उनकी पूजा न कराएं। हिंदू मंदिरों में उनके प्रवेश को प्रतिबंधित किया जाए। सभी हिंदू सनातनी धार्मिक कार्यों से उनको वंचित किया जाए। शंकराचार्य ने कहा कि तीन महीने का समय बीतने पर भी राहुल गांधी ने अपने वक्तव्य के बारे में न तो क्षमा मांगी और न ही कोई स्पष्टीकरण दिया, इसलिए राहुल गांधी को हिंदू धर्म से बहिष्कृत करने की सार्वजनिक घोषणा करते हैं और उन्हें हिन्दू न मानने की घोषणा करते हैं, कोई भी उनकी पूजा न कराए। शंकराचार्य ने कहा कि सभी धर्मों में, यहां तक कि कानून में भी जो अपराधी होता है उसको किसी क्षेत्र विशेष से बाहर करने का नियम है। अपने उसी अधिकार का प्रयोग करते हुए धर्म रक्षा की दृष्टि से राहुल गांधी को हिंदू धर्म से बहिष्कृत किया जाता है।

## लखनऊ की फैक्ट्री में भीषण आग, दो लोगों की मौत

**लखनऊ ,4 मई ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सरोजिनी नगर की स्वीटी फूड फैक्ट्री में शनिवार शाम भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फैक्ट्री को भारी नुकसान पहुंचा। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक जानमाल का नुकसान हो चुका था।

सूचना मिलते ही सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर, थाना प्रभारी सरोजिनी नगर, स्थानीय पुलिस टीम, पीआरबी और फायर ब्रिगेड की 15-16 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फैक्ट्री मालिक अखिलेश के बेटे ऋतिक ने बताया कि यह बेकरी फैक्ट्री पिछले एक साल से बंद थी, लेकिन वहां वेल्डिंग का काम चल रहा था। संभावना है कि वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से आग भड़की।

फायर ब्रिगेड और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शाम सात बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। बचाव कार्य के दौरान दो लोगों को फैक्ट्री से निकाला गया, जिन्हें तुरंत लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वेल्डिंग कार्य के दौरान चिंगारी से आग लगने की संभावना है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

एक नजर

## नशीली गोली बेचते दो गिरफ्तार



**भिलाई, 4 मई।** भिलाई नशीली टेबलेट बेचने ग्राहक तलाशते दो युवकों को छावनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस आरोपियों के कब्जे से 600 नग एल्प्राजोलम टेबलेट और 720 नग प्रोक्सिएम एसपा टेबलेट बरामंद किया है पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति मंगल पान ठेला बैकुण्ठ धाम के पास कैम्प 02 में अपने पास में रखे सफेद रंग कैरी बेग में नशीली टेबलेट गोली रखे हैं। बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम उक्त स्थान पर दबिश दी, जहां पर दो युवक मिले। नाम पूछने पर अपना नाम रवि सिंह निवासी 18 नम्बर रोड कैम्प -1 एवं मौहसिन खान उर्फ राजा निवासी नेहरू चौक कैम्प -1 छावनी बताया। उनके कब्जे से 600 नग अल्फोजोलम टेबलेट कीमती लगभग 8500 रूपये, 720 नग प्रोक्सिएम एसपा टेबलेट कीमती लगभग 9000 कुल कीमत 17,500 रुपए बरामद किया गया ।

## चाकू से डरा रहे थे,दोनों गिरफ्तार



**भिलाई, 4 मई।** धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो आरोपियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि सूचना मिला कि बैकुण्ठ धाम मैदान कैम्प - 2 में ललित पाण्डेय नामक व्यक्ति हाथ में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों का डरा धमका रहा है एवं सी मार्ट के पास गली पावर हाऊस में आकाश पाण्डेय नामक व्यक्ति हाथ में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों का डरा धमका रहा है सूचना पर तत्काल पुलिस पार्टी मौके पर घेराबंदी कर ललित पांडे नेहरू चौक केम्प -1 छावनी एवं आकाश पांडे नेहरू चौक नहर के पास केम्प -1 छावनी को पकड़ा इनके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया गया है।

## आग लगाने का प्रयास,आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 4 मई।** भिलाई घर में डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास करने तथा चाकू लहराकर लोगों को आतंकित करने वाले मास्टर माइंण्ड आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है घटना में शामिल 10 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 1 मई को संजू तिवारी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 328 (जी), 62, 190(3),25, 27, आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। इस घटना में आगजनी व दहशत फैलाने वाले 2 आरोपी एवं 8 नाबालिगों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।उक्त घटना का मास्टर माइंड टकला उर्फ दिलीप चौहान फरार हो गया था पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार को आरोपी टकला (27 साल ) सांई नगर आदर्श पारा सुपेला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अपराधिक पृष्ठभूमि का है पहले के 6 अपराध में जेल जा चुका है ।

## रीजनल सेंटर के लिए धैर्य रखें:सांसद



**भिलाई, 4 मई।** ललित कला अकादमी के रीजनल सेन्टर खोलने के लिए छत्तीसगढ़ के कलाकारों को धैर्य बनाकर रखना होगा। एक समय ऐसा जरूर आएगा जब उनकी मांगे पूरी होगी।

यह बातें सांसद विजय बघेल ने उनके निवास में मिलने आए अंचल के नामचीन कलाकारो के समक्ष कही। इस दौरान सुप्रसिद्ध चित्रकार हरीसेन, गिलबर्ट जोसफ, रोहिणी पाटणकर, विजय शर्मा, कला साहित्य मित्र समूह से शक्तिपद चक्रवर्ती, बबलू विश्वास, मिथुन दास, बारोम चक्रवर्ती, ललित कला अकादमी समूह से कमलेश वर्मा, तरूण धोटे, प्रशांत क्षीरसागर, वीरेन्द्र पटनायक, इंद्रजीत सिंह, पूर्णानन्द देवांगन, हुलेश्वर देवांगन, रूपा साहू, ललेश्वरी साहू, यश दलवी, कांता देवी, देवकी टंडन, गुणेश्वरी, सरिता साहू, सुभद्रा गंधर्व, खैरागढ़ विश्वविद्यालय से गूंजन शर्मा, प्रीति साहू, धीरज साहू, रीतिक साहू तथा ललित कला अकादमी में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे।

## दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**दुर्ग, 4 मई।** दुर्ग में आकर सीजीपीएससी की कोचिंग कर रही युवती के साथ बीएसएफ के जवान ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक, संबंध बनाया, इसके बाद शादी से मना कर दिया पीड़िता की शिकायत पर अजाक थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है आरोपित बालोद जिला के ग्राम सुरेगांव का रहने वाला है आरोपित भी पीड़िता के साथ कोचिंग कर रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपित बीएसएफ का जवान है और वर्तमान में मेघालय में पदस्थ है

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की सहज आत्मीयता ने पंडरिया विधानसभा के ग्राम दामापुर में जीता लोगों का दिल



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,4 मई।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का सरल, सुलभ और आत्मीय स्वभाव एक बार फिर लोगों के दिलों को छू गया। आज कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा के ग्राम दामापुर अतरीया के दौरे पर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा साहू समाज द्वारा आयोजित 11 कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की । उन्होंने साहू समाज की मांग पर डोम निर्माण के लिए 30 लाख रुपए की घोषणा किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आम ग्रामीणों के बीच जाकर उनसे आत्मीय बातचीत की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जैसे ऊंचे पद पर होने के बावजूद उनका जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व उन्हें जनता के और करीब लाता है। दामापुर पहुंचते ही उन्होंने न केवल ग्रामीणों का हालचाल जाना, बल्कि एक स्थानीय होटल में जाकर उनके साथ चाय-नाश्ते का भी आनंद लिया। उनके इस व्यवहार ने ग्रामीणों को यह अहसास कराया कि वे केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपनेपन से भरे एक सच्चे जनसेवक हैं। उप मुख्यमंत्री की यह सादगी और आत्मीयता ने वहां मौजूद लोगों को गहराई से प्रभावित किया। लोग उनसे खुलकर मिले और आत्मीयता के इस स्वभाव को सराहा। ग्रामीणों ने भी इस मुलाकात को अपने जीवन का एक विशेष क्षण बताया। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री का यह व्यवहार उन्हें अपना परिवार का सदस्य महसूस कराता है। केवल अपनी विधानसभा ही नहीं, बल्कि जहां भी वे जाते हैं, वहां की जनता से वे उतनी ही आत्मीयता से मिलते हैं, जिससे लोगों का विश्वास और समर्थन लगातार उनके प्रति बना रहता है। किसी उप मुख्यमंत्री का बिना औपचारिकता के आम लोगों के बीच बैठना, उनके साथ बात करना और भोजन साझा करना आज के दौर में एक दुर्लभ दृश्य है। उप मुख्यमंत्री के इस आत्मीय व्यवहार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वे न केवल अपने विधानसभा क्षेत्र में, बल्कि जहां भी जाते हैं, लोगों के दिलों में भरोसे और अपनत्व की भावना छोड़ जाते हैं। उनकी लोकप्रियता का आधार सिर्फ विकास कार्य ही नहीं, बल्कि जन-जन से उनका सजीव संवाद और जुड़ाव भी है।

## गांव मरका में बाजार बनेगा माडल बाजार : कैलाश



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,4 मई।** जिला पंचायत कबीरधाम के उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम मरका का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होने जहां स्थानीय ग्रामीणों से मेल मुलाकात गांव में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी ली वहीं उन्होने गांव के बाजार स्थल का मौका मुआयना तथा निरीक्षण कर विकास की संवनाएं तलाशी। उन्होने स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर ग्राम मरका का बाजार स्थल में व्यवस्थित बाजार चबूतरा का निर्माण कराए जाने, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय निर्माण तथा हाई मास्क लाइट लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर परजिला पंचायत उपाध्यक्ष केलश चन्द्रवंशी ने कहा की आने वाले समय में मरका का बाजार मॉडल बाजार बनेगा और गांव के लोगों के सहयोग से आगामी वर्षा कॉल के पूर्व वृक्षारोपण किया जाएगा। अपने दौरान कार्यक्रम के दौरान कैलाश चन्द्रवंशी ने ग्राम खैरवार से मरका के बीच बन रही सड़क निर्माण का भी निरीक्षण किया तथा सड़क के दोनों ओर पटरी मे मुरुम भराई जल्द करने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।वहीं कैलाश चन्द्रवंशी ने ग्रामीणों की मांग पर मरका सोसाइटी में तत्काल डीएपी खाद पहुंचाने अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सुशासन तिहार में निराकृत आवेदन का सत्यापन करने पहुंचे आयुक्त



**भिलाई, 4 मई।** 1683 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से मांग के संबंध में 1228, निराकृत हो गए हैं 1055, लंबित 173, इसी प्रकार शिकायत 455, निराकृत 343 लंबित 112 है। जो बच गया है उसका निराकरण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह सुशासन तिहार के संबंध में दुर्ग जिले के सभी नगर निगमों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई थी।

इसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि निराकृत आवेदनों का औचक रूप से निरीक्षण भी किया जाए। इससे पब्लिक की संतुष्टि पता चल जाएगा। इसी तारतम में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त ऐसा लहरे के साथ जोन क्रमांक 2 में प्राप्त आवेदनों के निराकरण का सत्यापन करने के लिए वार्ड क्रमांक 15 पूर्णिमा गुप्ता के घर गए। उनकी समस्या थी कि उनका मकान नीचे हो जाने के कारण बारिश के समय उनके घर में पानी भरता है। जिससे उन सबको बहुत परेशानी होती है। इसके निराकरण के लिए प्रस्ताव बना करके प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किये। कहीं पर बैक लाइन सीवरेज की समस्या थी उसका भी निरीक्षण किये। शांति नगर पुलिस थाना सियान सदन के बगल में कुछ लोगों द्वारा नजूल जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है। सभी को नोटिस देखकर कार्रवाई करने के लिए सहायक राजस्व प्रभारी सहायक शरद दुबे को निर्देशित किये। कुछ लोगों द्वारा लिखित शिकायत की गई थी कि वैशाली नगर में 20 दुकानों का आवंटन पूर्व साडा से हुआ है। उसमें कुछ लोग किराए पर अपनी दुकान चलवा रहे हैं। ऐसी शिकायत शिकायत मिली है। उसको भी जांच करने के लिए आदेशित किये। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद संतोष मौर्या, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अपने दल के साथ उपस्थित रहे।

## सर्वधर्म सेवा संस्था, भिलाई ने 'सफाई कर्मी आभार पखवाड़ा' मनाया

**भिलाई।** श्रमिक दिवस 1 मई के उपलक्ष्य में सर्वधर्म सेवा संस्था, भिलाई द्वारा दिनांक 26 अप्रैल से 3 मई तक संस्था के संरक्षक श्री वीरेन्द्र सतपथी जी के मार्गदर्शन में 'सफाई कर्मी आभार पखवाड़ा' का आयोजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत संस्था के अध्यक्ष श्री प्रतीक भोई के नेतृत्व में प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम, सूर्य विहार कॉलोनी, सेक्टर-7, सेक्टर-1, रुआबंधा सेक्टर, आमदी नगर (हुडको), कर्मा भवन, बोरसी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।सफाई कर्मियों को गमछा, पानी की बोतल, नाश्ता व मिठाई भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। प्रतीक भोई ने कहा कि- समाज की स्वच्छता और स्वास्थ्य में सफाई कर्मियों का योगदान अमूल्य है।

## महतारी वंदन योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हो रही

- **महतारी वंदन योजना की 15वीं किश्त के तहत 648 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी**
- **दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री सीएम सायं व कैबिनेट का माना आभार**



**उतई, 4 मई।** छत्तीसगढ़ माननीय विष्णुदेव सायं सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज एक तारीख को माह मई 2025 की पंद्रहवीं किश्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.32 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई।दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हमारी विष्णुदेव साय सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 15 माहों में 9788.78 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

### आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किश्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

मुलाकात



**राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप से जनप्रतिनिधियों ने सौजन्य मुलाकात की**

**कवर्धा ।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बिदेशी राम धुर्वे , पूर्व बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सन्तराम धुर्वे फगनू राम धुर्वे , कांशी ऊके चैन सिंह कुशरे राजेश ने राज्यसभा सांसद राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह से सौजन्य मुलाकात की ।

## प्रेरणा नथवानी एवं कृष्णा साहू का चयन भारतीय टीम में



**भिलाई, 4 मई।** पावरलिफ्टिंग इंडिया द्वारा दिनांक 5 से 12 मई 2025 तक देहरादून (उत्तराखण्ड-भारत) में आयोजित होने वाली एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु भिलाई की राष्ट्रीय पदक विजेता पावरलिफ्टर कुमारी प्रेरणा नथवानी का चयन भारतीय टीम में महिला खिलाड़ी के रूप में किया गया है तथा श्री कृष्णा साहू का चयन भारतीय टीम के प्रशिक्षण व राष्ट्रीय निर्णायक / जूरी मेंबर के रूप में हुआ है । उल्लेखनीय है कि प्रेरणा ने (श्री गंगानगर, राजस्थान) में संपन्न राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने पर इन्हें भारतीय टीम में शामिल किया गया है । प्रेरणा के लिए यह पहला अवसर है जब वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भारतीय पावरलिफ्टिंग टीम में हिस्सा लेने को तैयार है । कृष्णा साहू का भारतीय टीम में प्रशिक्षक एवं निर्णायक के रूप में चयनित होने का यह 19 वा अवसर है, इससे पूर्व इन्होंने खिलाड़ी के रूप में 15 अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जीता और भारत देश, छत्तीसगढ़ राज्य एवं भिलाई इस्पात संयंत्र का गौरव बढ़ाया है । इन उपलब्धियों के कारण पावरलिफ्टिंग खेल में इन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 1992 में विक्रम खेल पुरस्कार तथा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष 2002 में गुंडाधुर खेल पुरस्कार तथा वर्ष 2016 में वीर हनुमान सिंह खेल पुरस्कार प्रदान किया गया है, तथा बॉडी बिल्डिंग खेल में इन्हें मिस्टर मध्यप्रदेश, मिस्टर छत्तीसगढ़ एवं मिस्टर इंडिया का ख़िताब दिया गया है । वर्तमान में श्री कृष्णा साहू भिलाई इस्पात संयंत्र में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं और खिलाड़ियों को पावरलिफ्टिंग तथा बॉडी बिल्डिंग खेल का प्रशिक्षण दे रहे हैं । प्रेरणा नथवानी और कृष्णा साहू को भारतीय टीम में शामिल किए जाने पर छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ़्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष माननीय विधायक श्री रिकेश सेन जी तथा छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है ।

# आम जनता की समस्याओं का होगा समयबद्ध समाधान:कलेक्टर



**दुर्ग, 4 मई ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज प्रेस वार्ता लेकर सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण की शुरुवात की जानकारी दी। प्रेस वार्ता कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ श्री बी.के. दुबे, नगर निगम भिलाई के आयुक्त श्री राजीव पाण्डे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त श्री एस.के. अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती लता उर्वशा एवं श्रीमती सिल्ली थॉमस, एसडीएम श्री हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव, तहसीलदार श्री प्रफुल्ल गुप्ता और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य - आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना, और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय (अनुविभागीय अधिकारी, तहसील, जनपद एवं ग्राम पंचायतों) के स्तर पर की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि दुर्ग जिले में कुल 119650 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 115489 मांग एवं 4161 शिकायतें थी। दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति मांगों की 103555 (98.17 प्रतिशत) व शिकायतों की 2897 (69.62 प्रतिशत) आवेदन निराकृत है। इस प्रकार कुल 106452 (88.97 प्रतिशत) आवेदनों का निराकरण हो गया है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है साथ ही प्राथमिकता क्रम भी तय किया जा रहा है ताकि भविष्य में बजट उपलब्ध होने पर उच्च प्राथमिकता के कार्यों की स्वीकृति की जा सके। काफी मांगे प्रधानमंत्री आवास योजना व उज्जवला योजना से सम्बन्धित हैं, जिनके बारे में राज्य सरकार भारत सरकार से अतिरिक्त लक्ष्य के लिए आग्रह कर रही है। इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त होने पर आवेदकों की मांगें पात्रतानुसार निराकरण हो जायेगी, विदित हो कि इसी अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ऐसे परिवार जिनका नाम आवास की किसी भी सूची में सम्मिलित नहीं है, ऐसे परिवारों को आवास प्लस 2.0 सर्वे के माध्यम से कुल 88480 हितग्राहियों का नाम जोड़ा जा चुका है। मोर दुआर साय सरकार महा अभियान के तहत विशेष पखवाड़ा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच चलाया गया जिसमें जिले में सहायता प्राप्त सर्वे 48053 एवं स्वयं द्वारा 4756 कुल 52809 हितग्राहियों का नाम जोड़ा गया है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। इसके लिए जिले में 5 बैठकें आयोजित की गई, जिसमें समस्त जिला स्तरीय कार्यालयों एवं मैदानी कार्यालयों / विभागों यथा समस्त नगर पालिक निगम, नगर पंचायत, जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी, तहसील आदि से संबंधित आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा की गई तथा यथा आवश्यक निर्देश सभी को प्रदान किए गए। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 05 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 08 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे।

जिले में कुल 73 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, शिविरों की तारीख स्थानवार पोर्टल पर भी उपलब्ध कराई गई है। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे, और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। शिविरों में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित जानकारी प्रदर्शित की जायेगी, जैसेः-टी.बी. कार्यक्रम, फसल चक्र परिवर्तन, बीज उत्पादन, सुपोषण, सिकल सेल, टीकाकरण, माहवारी प्रबंधन इत्यादि । विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र / प्रपत्र भी उपलब्ध कराएंगे। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिलास्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों मे भी रहेगी। तीसरे चरण के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे। मान. मुख्यमंत्री जी विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मान. मुख्यमंत्री जी जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री जी अपने प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि ये समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में सहभागी बने, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## नपाध्यक्ष ने पानी की व्यवस्था का जायजा लिया

**जामुल, 4 मई।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया । ग्रीष्म कालीन पेयजल के संबंध में आम जनता से चर्चा किया साथ ही संबंधित विभाग के प्रभारियों को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति पर सतत् निगरानी रखे। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह स्वाभाविक प्रक्रिया है कि गर्मी के दिनों में हमें ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है लेकिन यह भी विषय है कि ग्रीष्म ऋतु में पानी का स्तर काफी नीचे चला जाता है । पर्याप्त पानी आम जनता को मिले इसके लिए टेंकरों के माध्यम से भी जलापूर्ति की जा रही है । आम जनता से अपील है कि पानी सद्उपयोग करें । पानी को व्यर्थ न बहाये न ही सड़क पर फेंके । यह बात भी सज्ञान में आया है कि बड़ी संख्या में टुल्लु पंप लगाकर पानी खींचा जा रहा है जो कि गलत है । ऐसा कृत्य न करें जिससे बहुत से लोगों को परेशानी हो । इसके साथ ही कई मोटरों के खराब होने पर उसे तत्काल बदलने का निर्देश नपा अध्यक्ष ने दिया जिससे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से चले । वार्ड निरीक्षण के दौरान जल कार्य प्रभारी रामदुलार साहू, लोक निर्माण प्रभारी खम्हन ठाकुर, उप अभियंता सचिन भागवत, नल जल प्रभारी दयालु जंघेल, बशीर खान, वरिष्ठ जन अरविंद यादव, जस्सु यादव, गणेश यादव सहित अन्य नागरिक गण उपस्थित थे ।

एक नजर

## सभापति अलका साव ने आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर व्यवस्था का लिया जायजा



**नगरी, 4 मई।** नगर पंचायत नगरी की महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति अलका साव एवं पार्षदों ने वार्ड क्रमांक 3 के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 का निरीक्षण कर समस्याओं का जायजा लिया, इस दौरान सभापति ने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता एवं सहायिका को आदेशित किया कि आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों को निर्धारित समय पर भोजन और नाश्ता दें, एवं गर्मी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के पेयजल के पानी में ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता खिलेश्वरी साहू ने सभापति एवं पार्षदों को बताया कि आंगनबाड़ी के रसोई कक्ष अत्यधिक जर्जर हो चुका है एवं पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है, नीचे का फर्श भी उखड़ चुका है जिस पर सभापति एवं वार्ड की पार्षद मिक्की गुप्ता ने तत्काल पानी टंकी लगवा कर पानी की व्यवस्था करवाने महिला बाल विकास विभाग से पत्राचार करके जर्जर छत एवं फ्लोर में टाइल्स लगवाने का आश्वासन दिया सभापति अलका साव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करना है।

## नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को पीएम आवास की प्रथम किस्त की राशि जारी की गई



**राजनांदगांव 04 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 परिवारों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पहली किस्त की राशि अंतरित की। उन्होंने मंत्रालय में वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में आवास निर्माण की पहली किस्त प्रति परिवार 40-40 हजार रूपए के मान से कुल 10 करोड़ रुपए हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए। छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# दो संभागों में औषधीय पौधों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा:साय

- औषधीय पौधों के संवर्धन से असीम संभावनाएं
- मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ पादप बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास मरकाम के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में हुए शामिल



**रायपुर, 3 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष श्री विकास मरकाम के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री मरकाम को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री साय ने पदभार ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के माध्यम से बस्तर एवं सरगुजा संभाग में औषधि पादप को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि औषधि पौधों में बहुत से गुण होते हैं, इनके साथ ही बेहतर आमदनी के लिए औषधि पादपों के रोपण को बढ़ावा देने की जरूरत है। बस्तर एवं सरगुजा में इसकी अपार संभावनाएं है। बोर्ड को इस दिशा में और अधिक कार्य करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे बैगा-गुनिया और वैद्य आदिम समय से वन औषधि की पहचान कर लोगों का इलाज करते हैं। उन्होंने कहा डॉ रमन सिंह जी ने बैगा, वैद्य के बेहतरी एवं मानव स्वास्थ्य सेवा के लिए छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड गठन किया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के ओरछा के परंपरागत वैद्य श्री हेमंचद मांझी को औषधि पादप के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया है। आदिम जाति विकास मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड का गठन किया गया है, निश्चित ही श्री मरकाम के नेतृत्व में उन उद्देश्यों को पूरा कर पाएंगे। वैद्यों के ज्ञान एवं वनौषधियों के अनुभव का संग्रहण कर एक डाटाबेस तैयार करने बोर्ड को कार्य करने की जरूरत है ताकि इस डाटा का उपयोग समाज एवं मानव स्वास्थ्य के बेहतरी के लिए किया जा सके। वन एव जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का आक्सीजन जोन है। वनौषधियों के संरक्षण एवं संवर्धन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की है। हमारी सरकार वन में रहने वाली ग्रामीणों के लिए बेहतर कार्य कर रहे है। छत्तीसगढ़ में 5500 रूपये प्रति मानक बोरा के दर समर्थन मूल्य में वनोपज की खरीदी होती है जिसका फायदा तेंदूपता संग्राहकों को मिलता है।

## कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मिली सफलता

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़, 4 मई।** अछोली में युवक के अंधे कत्ल के राज से पर्दाफ़ाश करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली है और तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े है. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 02 मई 2025 को डायल 112 से सुचना प्राप्त हुई कि ग्राम अछोली मे प्राथमिक स्कूल के पास रात्रि में शादी कार्यक्रम हो रहा था उसी पंडाल के पीछे पुराना स्कूल भवन के बरामदे मे एक अज्ञात व्यक्ति की खुन से लथपथ शव मिलने पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 189/2025 धारा-103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आषीष कुंजाम के मार्ग-दर्शन पर डोंगरगढ़ पुलिस टीम अज्ञात आरोपी की पता तलाश किया जा रहा था कि इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति जो घटना दिनांक को घटना स्थल के आसपास मौजूद थे ग्राम कलकसा में राहुल वर्मा के घर के पीछे छिपे हुये हैं जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । पकड़े गये संदेहियों को थाना लाकर बारिकी से पूछताछ करने पर मुख्य आरोपी राहुल वर्मा निवासी ग्राम कलकसा द्वारा अपने अन्य साथी षिवम यादव एवं भास्कर वर्मा निवासी अछोली के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया । आरोपी राहुल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू तथा आटो रिक्षा जप्त किया गया है। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा घटना के संबंध में बताया गया कि दिनांक 02.05.2025 को रात्रि में ग्राम अछोली भास्कर वर्मा के घर पर तीनों दोस्त शराब का सेवन कर घुमने के लिये आटो रिक्शा सीजी 04 के.वाय. 6742 से घुमने निकले जैसे ही स्कुल चौक अछोली के पास पहुचे तब आटो की लाईट भीम लाल नेताम के चेहरे पर पडा आटो के लाईट से चेहरे पर पड़ने के कारण आटो चालक राहुल के साथ वाद विवाद हुआ जिस पर शिवम यादव एवं भास्कर वर्मा के द्वारा मृतक के हाथ को पकड़कर रखा और राहुल वर्मा के द्वारा अपने आटो में रखे चाकू से भीम लाल के छाती में वार कर घटना से फरार हो गये थे ।

## एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित

**राजनांदगांव 4 मई।** नगर पालिक निगम की बजट बैठक आज 2 मई अपरान्ह 12:00 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में प्रारंभ हुई, बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2024-25 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाना था। बजट बैठक निर्धारित समय में राष्ट्रगीत तथा राज्य गीत के साथ प्रारंभ हुई। बैठक के प्रारंभ में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने अपना पहला बजट प्रस्तुत करते हुए प्रतिवेदन का पठन किया, जिसके पश्चात पार्षदों ने चर्चा में भाग लिया, चर्चा उपरांत वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय व्यय का बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया।

समाचार संक्षेप

## जिले में जल संरक्षण के लिए 1000 इंजेक्शन वेल बनाने की कार्ययोजना



**राजनांदगांव 04 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की दिशा में चल रहे मिशन जल रक्षा एवं मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में निर्मित एवं निर्माणाधीन जल संरचनाओं और अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रही।

- जिले में जल संरक्षण के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के दिए निर्देश

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत बरगा में परकोलेशन टैंक एवं उसमें निर्मित इंजेक्शन वेल का अवलोकन किया। उन्होंने भू-जल संवर्धन के तकनीकी विशेषताओं के संबंध में चर्चा की तथा पास में ही बने बोरवेल रिचार्ज सॉफ्ट सैंड फिल्टर के निर्माण कार्य को भी देखा। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में डीएमएफ, सीएसआर के सहयोग से 1000 इंजेक्शन वेल लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सेंटर एक अच्छी तकनीक है, जिसके माध्यम से असफल बोरवेल पर तकनीकी संरचनाओं से पुनर्भरण कर भू-जल स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए जिले में नवीन तकनीक को विस्तार देने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ग्राम बरगा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया तथा महिला स्वच्छता दीदीयों से चर्चा कर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। दीदियों ने बताया कि वह ग्राम पंचायत क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करती हैं तथा योजना को स्वावलंबी बनाने के लिए घरों से 20 रूपए और दुकानों से 50 रूपए यूजर चार्ज एकत्रित करती हैं। कलेक्टर ने निर्माणाधीन ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया। ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से ग्राम पंचायत के नालियों के पानी को शुद्ध कर तालाब में प्रवाहित किया जाएगा। इस तरह की योजना से ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से सुरक्षा मिलेगी और जल स्रोत संरक्षित रहेंगे।

## सुशासन तिहार: 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 04 मई।** सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण अंतर्गत जिले में 5 मई से 31 मई 2025 तक 68 स्थलों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर स्थलों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। आवेदकों को एसएमएस के माध्यम से तथा आवेदनों की पावती के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

- जिले में 68 समाधान शिविरों का होगा आयोजन

सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में राजनांदगांव जिले कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग से संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 है। सुशासन तिहार 2025 के दूसरे चरण में अब तक कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 22, 23, 24 के लिए 5 मई 2025 को कृषि उपज मंडी डोंगरगढ़, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत अरजकुंड, गुंडरदेही, जोंधरा, कलडबरी, कांपा, करमरी, महरूम, मासुलकसा, रानामटिया, रतनभाट के लिए 5 मई 2025 को ग्राम करमरी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मोहारा सिवनीकला, बिजनापुर, चैतुखपरी, मुढिया, सहसपुर, पुरैना, खुर्सीपार, सेम्हरा, बिल्हरी, खैरा, रूवातला के लिए 5 मई 2025 को ग्राम मोहारा, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 के लिए 5 मई 2025 को आंगनबाड़ी केन्द्र सीताबर्डी वार्ड क्रमांक 2, नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14, 24, 25, 26, 27 के लिए 5 मई 2025 को स्टेट स्कूल में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

## सुशासन तिहार के कार्यों में लापरवाही बरतने पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव 04 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सीईओ जनपद पंचायत छुरिया से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत अरजकुंड के सचिव श्री भुवाल सिंह उईके तथा सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत सांगिनकछार के सचिव श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा को सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रतिवेदन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत अरजकुंड के सचिव श्री भुवाल सिंह उईके द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण में ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों का निराकरण नहीं किया जा रहा था। इस संबंध में सीईओ जनपद पंचायत छुरिया द्वारा सचिव श्री भुवाल सिंह उईके को बार-बार निर्देश दिया गया, लेकिन सचिव द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। साथ ही जनपद पंचायत के समीक्षा बैठक में भी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए थे। इस तरह ग्राम पंचायत सांगिनकछार के सचिव श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा सुशासन तिहार के आवेदनों का निराकरण में लापरवाही बरतने एवं बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सुशासन तिहार के कार्य मे लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बोदेला के सचिव श्री कृष्ण कुमार साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री गायत्री डेकाटे एवं सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ श्री सी. कुजूर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

- दो सचिव निलंबित एवं तीन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

## हीरक जयंती: पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश देने निकाली गई साइकिल रैली



**राजनांदगांव 04 मई।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 75वीं हीरक जयंती के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ से पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश देने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। रैली शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, नया बस स्टैंड, ओवर ब्रिज, छोटा मंदिर परिसर, रेलवे अंडर ब्रिज, जय स्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए वापस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समाप्त हुई। स्वच्छ पर्यावरण सुरक्षित जीवन थीम पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश देने व जनजागरूकता तथा स्काउट गाइड को सामाजिक गतिविधियों से जोडने के लिए राज्य के सभी जिलों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

## रिश्वत की राशि वापस करने दूसरे राज्य पहुंची चिल्हाटी पुलिस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 4 मई।** मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के चिल्हाटी थाने मे बीते दिन अवैध शराब बिक्री के लिए संरक्षण देने के नाम पर थाना घेराव होने के बाद, चिल्हाटी थाना अब रिश्वत कांड के गंभीर आरोपो मे घिर गया है। मामला दो किसानी बैल के परिवहन से जुड़ा है। पुलिस के चंगुल में फंसने के बाद रात भर थाने में कैद रहने के साथ साथ बैल, पिकप वाहन, और परिवहन मे सामिल 5 लोगों को छोड़ने के बदलें लाखों की अवैध वसूली करनें के संगीन आरोप खाकी पर लगा है। उल्लेखनीय है कि 20 अप्रैल को कारगिल युद्ध लड़े गढ़चिरौली महाराष्ट्र जिला के कोरची तहसील के ग्राम खुनारा निवासी रिटायर्ड फौजी का परिवार अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम पंचायत भडसेना के आश्रित ग्राम कोलियाटोला निवासी किसान रामकुमार सलामे पिता सुकुल सिंह सलामे उम्र 56 वर्ष से किसानी के लिए एक जोड़ी बैल खरीदा पीड़ितों के बयान के अनुसार 20 अप्रैल को वे लोग चिल्हाटी थाना क्षेत्र के निवासी देवदास साहू पिता गैदलाल साहू उम्र 21 के पीकप वाहन मे बैल डालकर महाराष्ट्र अपने घर ले जा रहे थे रास्ते में चिल्हाटी थाना के सामने आबकारी चेक पोस्ट में पीकप वाहन को मवेशी तस्करी के आशंका में रुकवाते हुए थाने के भीतर खड़ा कराया गया । पूरी रात बैल ,पीकप वाहन तथा परिवहन करनें वाले पांच लोगों को थाना में रात भर कैद कर रखा गया सुबह थाने मे मुंह मांगा रकम देने के बाद बैल , पिकअप वाहन एवं बैल को ले जाने वाले लोगों को पुलिस ने छोड़ा।

## नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने घायल बच्ची के लिए दिखाई संवेदनशीलता



**डोंगरगांव, 4 मई।** राजनांदगांव के मेडिसिटी हॉस्पिटल में एडमिट जो डोंगरगांव में स्कॉर्पियो की टक्कर से घायल हुई थी उस बच्ची की तबीयत थोड़ी ज्यादा खराब होने की खबर मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने मेडिसिटी हॉस्पिटल पहुंचकर बच्ची का स्वास्थ्य देखा। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने घायल बच्ची के परिवार वालों से मुलाकात की और उन्हें विश्वास दिलाया कि वे उनके साथ हमेशा खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ती है, तो वे आधी रात को भी उनकी मदद के लिए तैयार हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने मेडिसिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर से बात कर बच्ची की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने डॉक्टर से कहा कि वे बच्ची के इलाज के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें और उन्हें हर संभव मदद मुहैया कराएं। घायल बच्ची के परिवार ने नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष के यहां आने से हमें बहुत राहत मिली है और वे उनके समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी की इस पहल को लोगों ने बहुत सराहा है। उन्होंने दिखाया कि वे न केवल नगर पंचायत के विकास के लिए काम करती हैं, बल्कि वे लोगों की समस्याओं के प्रति भी संवेदनशील हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने रायपुर में रैकबैंक के एआई डाटा सेंटर पार्क का भूमिपूजन किया

- छग का पहला एआई डाटा सेंटर कैंपस होगा रैकबैंक का यह नया प्रोजेक्ट



**रायपुर, 4 मई।** भारत में प्रीमियम, कार्बन-न्यूट्रल डाटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लाउड कम्प्यूटिंग और एआई सर्विसेस के प्रमुख प्रोवाइडर, रैकबैंक ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने नए एआई डाटा सेंटर पार्क की नींव रखते हुए, शनिवार को भूमि पूजन समारोह आयोजित किया। यह छत्तीसगढ़ का पहला डाटा सेंटर कैंपस होगा, जिसकी नींव छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के करकमलों द्वारा रखी गई। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन तथा वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओपी चौधरी भी उपस्थित रहे।

13.5 एकड़ में फैले इस अत्याधुनिक एआई डाटा सेंटर पार्क का निर्माण 1000 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश से किया जा रहा है, जिसे अगले 5 वर्षों में 3000 करोड़ रुपए तक बढ़ाया जा सकता है। इस सेंटर में 1 लाख जीपीयू और 80 मेगावाट पॉवर को संभालने की क्षमता होगी। इसका उद्देश्य उन्नत एआई वर्कलोड्स की बढ़ती माँग को पूरा करना है और यह देश के डिजिटल प्रगति की नींव को मजबूत करने का काम करेगा। रैकबैंक के फाउंडर और सीईओ, नरेंद्र सेन ने इस अवसर पर कहा, ÷छत्तीसगढ़ में भारत के पहले एआई डाटा सेंटर पार्क के निर्माण को गति देना हमारे लिए बहुत सम्मान और गर्व की बात है। भारत में एआई की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए यह एक बड़ा कदम है। रैकबैंक, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इंडियाएआई मिशन का पूरा समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य भारत को एआई के क्षेत्र में दुनिया का लीडर बनाना है। रायपुर में स्थापित किया जा रहा यह नया विश्व स्तरीय एआई डाटा सेंटर पार्क उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर और इनोवेशन को बढ़ावा देगा, जिससे न सिर्फ देश की डिजिटल तरक्की तेज़ होगी, बल्कि राष्ट्र निर्माण को भी मजबूती मिलेगी। नया डाटा सेंटर भारत की जीपीयू कम्प्यूटिंग क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करके एआई से जुड़ी जरूरतों को पूरा करेगा और कंपनियों को कम लागत में ज्यादा फायदा पहुँचाएगा। यह कैंपस शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग का केंद्र बनेगा, जो एआई की असली ताकत को समझने और इस्तेमाल करने में बिज़नेस की मदद करेगा और साथ ही इनोवेशन व तकनीकी विकास का माहौल तैयार करेगा। यह नया डाटा सेंटर बिज़नेस, रिसर्चर्स, डेवलपर्स, ग्लोबल आरएंडडी सेंटर्स और इनोवेटर्स को एआई की पूरी क्षमता का उपयोग करने में मदद करेगा। साथ ही, सुरक्षा, स्थिरता और कुशलता के मानकों को भी बनाए रखेगा। हम एआई के तेज़ विकास को लगातार समर्थन देते रहेंगे और एक अधिक स्मार्ट और उन्नत भविष्य बनाने की दिशा में काम करते रहेंगे। नए एआई डाटा सेंटर पार्क का निर्माण 4 चरणों में होगा, जिसमें पहले चरण में 80 मेगावाट की क्षमता होगी, जो चौथे चरण में बढ़कर 160 मेगावाट हो जाएगी।

# सुशासन तिहार: जिले में कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन हुए प्राप्त:कलेक्टर

- सुशासन की स्थापना को लेकर सरकार लगातार प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य
- कुल 84 हजार 129 आवेदनों का किया गया निराकरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 04 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार-वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। राजनांदगांव जिले कुल 1 लाख 27 हजार 659 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग के संबंधित 1 लाख 24 हजार 202 एवं शिकायत से संबंधित 3 हजार 357 है। इसमें कुल 84 हजार 129 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई 2025 से हो रही है, जो 30 मई 2025 तक चलेगी। इस दौरान जिले के 8 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 68 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र व प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएगें।

## संपादकीय

# दबाब में तो फैसला नहीं किया है..

कोई भी सरकार हो वह कोई फैसला करती है तो किसी के दबाव में आकर नहीं करती है क्योंकि वह फैसला खुद करती है, वह खुद ही तय करती है कि यह फैसला कब करना है। वह अपनी सुविधा व जनहित व अपने राजनीतिक लाभ के लिए फैसला करती है। कई बार ऐसा लगता है कि सरकार ने जनहित में फैसला लिया है और उसका उसे राजनीतिक लाभ भी मिलेगा। सरकार की आलोचना करने वाले कह सकते हैं कि सरकार ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए यह फैसला किया लेकिन ऐसा तो होता नहीं है कि किसी फैसले से सरकार को राजनीतिक फायदा होता है और जनता या देश को कोई फायदा नहीं होता है। मोदी सरकार का जनगणना के साथ ही जाति गणना कराने का फैसला किया है। सबको आश्चर्य हुआ कि मोदी सरकार ने जनगणना के साथ जाति गणना कराने का फैसला किया है क्योंकि उसने अब तक जाति गणना का विरोध तो नहीं किया था लेकिन उसकी आलोचना यह कहकर की थी कि विपक्ष जाति की राजनीति कर हिंदू समाज को बांटना चाहता है। भाजपा खुद को हिदू समाज को एकजुट करने वाला मानती है। उसे हिंदुत्व की राजनीति से फायदा भी हुआ है, हिंदू पहले की तुलना में एकजुट भी हुए है इसी का परिणाम है कि भाजपा लोकसभा का तीन चुनाव जीत सकी है और विपक्ष तीन चुनाव हारा है। हरियाणा,महाराष्ट्र व दिल्ली में बंटोगे तो कटोगे का नारा देने वाली भाजपा को जाति जनगणना कराने का फैसला आखिर क्यों करना पड़ा है, इसे लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। आलोचना करने वाले कह रहे हैं कि विपक्ष ने भाजपा को जाति जनगणना कराने के लिए मजबूर कर दिया। इस तर्क के अनुसार अगर विपक्ष मोदी सरकार को मजबूर कर सकता होता तो वह पहले ही मोदी सरकार को मजबूर कर चुका होता। विपक्ष लोकसभा चुनाव के पहले सरकार को मजबूर करता और सरकार फैसला करती कि जनगणना के साथ ही जाति जनगणना भी कराई जाएगी। जब राहुल गांधी सहित पूरा विपक्ष मांग कर रहा था तब मोदी सरकार ने हिदुत्व की राजनीति की और साफ कर दिया था वह विपक्ष के दवाब मे आकर कोई फैसला नहीं करेगी. कोई फैसला वह अपनी सुविधा के अनुसार लेगी,अपने राजनीतिक फायदे को देखते हुए लेगी। जब उसे लगेगा कि अब यह फैसला लेना ही पड़ेगा तब लेगी। मोदी सरकार ने ऐसा ही किया है। मोदी सरकार को मालूम है कि लोकसक्षा क्षेत्रों का परिसीमन भी होगा, लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के पहले जनगणना कराना ही होगा। जब जनगणना कराना ही तो साथ में वह जाति जनगणना कराने की बात कह रही है तो इससे समझा जा सकता है कि वह परिसीमन के पहले सिर्फ जनगणना कराएगी तो राहुल गांधी सहित विपक्ष के नेता जाति जनगणना की मांग कर देश में सरकार के खिलाफ माहौल बनाएंगे कि सरकार जनगणना करा रही है तो जाति जनगणना भी करा सकती हैलेकिन नहीं करा रही है तो वह नहीं चाहती है कि विकास से वंचित जातियों का विकास हो, उनको सामाजिक न्याय मिले। इससे भाजपा को ओबीसी वोट का नुकसान हो सकता है। क्योंकि लोकसभा चुनाव में संविधान व आरक्षण के नाम पर काफी सीटों का नुकसान भाजपा को हो चुका है। भाजपा अब नहीं चाहती है कि जाति के नाम उसे अगले यूपी चुनाव या 29 के लोकसभा चुनाव में ओबीसी वोटों का नुकसान हो। भाजपा से एक बार गलती होती है तो वह वही गलती दूसरी बार नहीं करती है। भले ही इसके लिए वह राजनीति क्यों न बदलनी पड़े । राजनीति में तो तकाजा होता है कि जब राजनीति बदलती है तो राजनीतिक दलों को भी बदलती राजनीति के हिसाब से बदलना पड़ता है। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा हो। सब राजनीति बदलती है तो अपनी राजनीति भी बदल देते हैं। देखने वालों को लग सकता है कि दोनों एकदम उल्टी राजनीति कर रहे हैं लेकिन यह वक्त का तकाजा होता है। कांग्रेस के इतिहास को देखा जाए तो वह मूलतः जाति व आरक्षण की विरोधी रही। वह तो देश की बेहतरी के लिए जातिविहीन समाज की बात करती थी, आरक्षण मुक्त समाज की बात करती थी। इसी वजह से उसने कभी जनगणना के साथ जाति गणना नहीं कराया। ओबीसी को आरक्षण नहीं दिया। कांग्रेस का जब तक एकछत्र राज था, उसने जाति की गणना नहीं कराई, मनमोहन से समय कराया तो उसे सार्वजनिक नहीं किया गया। कांग्रेस ने कर्नाटक,तेलंगाना में जाति सर्वे कराया है तो उसका क्या असर राज्य पर पड़ा है,यह कांग्रेस बताती नहीं है। बिहार में जाति सर्वे हो गया है तो बिहार की दशा कितनी बदली है। कांग्रेस की तरह भाजपा भी पहले जातिगणना के पक्ष में नहीं थी, वह सोचती थी कि उसके हिदुत्व की राजनीति पर इसका बुरा असर पड़ेगा। लेकिन अब जब उसे मालूम है कि परिसीमन के पहले जनगणना तो कराना पड़ेगा तो उसने तय किया है कि अब वक्त आ गया है कि देश को बता दिया जाए कि भाजपा जाति गणना की विरोधी नहीं है। यानी अब भाजपा व कांग्रेस जो पहले जाति गणना के विरोधी थे दोनो जातिगणना के पक्ष में हो गए है तो यह देश की राजनीति के तकाजे के कारण। भाजपा जानती है कि जो सत्ता में रहता है उसको ही सरकार के लिए फैसलों का पूरा लाभ होता है, विपक्ष को लाभ नहीं होता है। इसलिए उसने अभी फैसला कर दिया है कि वह जब जनगणना होगी तो उसके साथ जाति की गणना भी कराई जाएगी। इससे भाजपा को अभी क्या फायदा हुआ है, इससे भाजपा को अभी यह फायदा हुआ है कि विपक्ष का पूरा ध्यान जो पहलगाम मुद्दे पर था, वह अब जातिगणना पर हो गया है, अब इस बात की चर्चा नही हो रही है कि सरकार या सेना पाकिस्तान को कब मुंहतोड़ जवाब देगा। इससे ऐसा लग रहा था कि जनता जो चाहती है सरकार नहीं कर रही है। अब सरकार ने सेना को खुली छूट दे दी है तो वह नहीं चाहती है कि अब इस बात की चर्चा हो कि सेना क्या कर रही है। सेना की चर्चा न हो इसलिए भाजपा ने विपक्ष व देश के लोगों को चर्चा के लिए जातिगणना का मुद्दा दे दिया है। इससे हुआ यह है कि सेना व हमले के बारे में चर्चा बंद हो गई है और दो दिन से जातिगणना पर चर्चा हो रही हैं। मोदी सरकार को मालूम है कि जब सेना आंतकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी तो फिर एक बाद देश में राष्ट्रवाद के मुद्दे पर फिर चर्चा होगी और जाति जनगणना का मुद्दा एक बार फिर दब जाएगा। मोदी सरकार की खासियत है कि वह देश की राजनीति में कब कौन सा मुद्दा चर्चा का विषय होगा यह वह खुद तय करती है। विपक्ष को कोई मौका नहीं देती है कि वह देश की राजनीति का मुद्दा तय करें, देश की राजनीति बदले। पिछले 11 साल से मोदी सरकार ही देश की राजनीति की दिशा तय करती है, इससे सरकार की छवि मजबूत सरकार की बनी रहती है और विपक्ष की छबि कमजोर विपक्ष की बनी रहती है। जातीय गणना के मुद्दे पर फिर एक बाद देश ने देखा कि सभी विपक्षी दल इस मामले मे एकजुट होने की जगह यह श्रेय लेन में लग गए कि हमने सरकार से मांग की इसलिए सरकार ने ऐसा फैसला किया है।

गंभीर समस्या

# ये हैं कौन ,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है ?

**तनवीर जाफरी**

भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास 'तमस' का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था।इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाजा गया।प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फि ल्म भी बनाई।इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है।

तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड़यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है ? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाकों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की खबरों की सोशल मीडिया व अखबारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया खामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। जाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ़्तार करती है तो इसे किस नजरिये से देखा जाना चाहिये ? जब आगरा और मुरादाबाद में भी पुलिस गोहत्या के मामले में हिंदूवादी कार्यकताओं को गिरफ़्तार करे तो क्या कहा जाये ? इसी तरह इसी वर्ष गत 12 मार्च को गाजियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गौशाला में मांस रखकर उसे गौमांस बताने और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि यह साजिश पास की ही एक दूसरी गौशाला की संचालक छाया शर्मा और उसके साथियों ने रची थी। उनका मकसद श्रीराम गौशाला पर कब्जा जमाना और धार्मिक माहौल खराब करना था। छाया शर्मा के साथियों ने स्वयं बाजार से मांस खरीदकर गौशाला में रखा और फिर गौरक्षकों को सूचना देकर साम्प्रदायिकता भड़काने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में योगेश चौधरी और शिवम को गिरफ़्तार किया था जिन्होंने बाद में यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही हिंडन विहार की किसी मांस की दुकान से मांस खरीदा और गौशाला में मांस रख कर खुद ही फर्जी नाम से गौरक्षकों को फोन कर गौशाला में मांस होने की सूचना दी। बाद में इन्होंने अपना फोन भी बंद कर दिया ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। पूरे देश में अब तक ऐसे सैकड़ों मामले उजागर हो चुके हैं जिससे पता चलता है कि बड़े षड़यंत्र के तहत धर्म विशेष के लोगों के प्रति नफरत व गुस्सा पैदा करने के लिये ऐसे कुकृत्य किये जाते हैं।



इसी तरह कई मामले पाकिस्तानी झंडों व पाकिस्तान जिंदाबाद के नारों को लेकर सामने आ चुके। अभी पिछले ही दिनों लुधियाना के थाना हैबोवाल क्षेत्र स्थित सिद्धपीठ महाबली संकटमोटन श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर मंगलवार को पाकिस्तान का झंडा लगा पाया गया। बताया जाता है कि यहाँ हर मंगलवार को 10 से 15 हजार तक श्रद्धालु मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं। इसी मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन ने आरोपी की पहचान विक्रम आनंद व उसके अज्ञात साथी के रुप में की है। यह सब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया। पहलगाम हादसे के बाद देश का माहौल और भी खराब करने के उद्देश्य से पाकिस्तान का झंडा लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया है। बिल्कुल इसी तरह की घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अकाईपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों घटी। यहाँ रेलवे स्टेशन की दीवार पर कुछ लोगों ने पाकिस्तानी झंडा लगाया और 'हिंदुस्तान मुदार्बाद' जैसे भारत विरोधी नारे लिखे। निश्चित रूप से पहलगाम हमले के बाद अंजाम दी गयी इस हरकत का मकसद भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैलाना व दंगे भड़काना ही था। परन्तु पुलिस ने इन मामले में जिन दो लोगों को गिरफ़्तार किया है वे 'सनातनी एकता मंच' नामक संगठन के सदस्य निकले जिनके नाम चंदन मलाकार और प्रज्ञाजीत मंडल हैं। यह दोनों आरोपी एक राजनैतिक दल से भी जुड़े बताये गए हैं।

देश में इससे मिलती जुलती अनेक घटनायें यहाँ के साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने के मकसद से होती रही हैं। वेश बदलकर इस तरह की हरकतों को अंजाम देना निश्चित रूप से किसी साधारण व्यक्ति का काम तो हरगिज नहीं हो सकता। निःसंदेह इसतरह की साजिशों के पीछे उसी मानसिकता के लोग हैं जिन्होंने पहलगाम नरसंहार अंजाम दिया और पर्यटकों को उनका धर्म पूछ कर मारा। जो सन्देश वह आतंकी देना चाहते थे कि भारत में साम्प्रदायिक माहौल खराब हो और हिन्दू मुस्लिम एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जायें। बिल्कुल वही मकसद इन 'घरेलू आतंकियों' का भी है। हो सकता है ऐसे कुछ ही मामलों का भंडाफोड़ हो पाता हो और कई जगहों पर यह अपने नफरती एजेंडे को फैलाने व हिंसा भड़काने में कामयाब भी हो जाते हों। पंजाब से लेकर बंगाल तक और वह भी पहलगाम हमले के बाद देश में उपजे तनावपूर्ण माहौल के बीच इसतरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाना, यह कोई साधारण घटना नहीं है। इसके पीछे बहुत बड़ा षड़यंत्र है। और वही ताकतें इसके पीछे हैं जिन्हें इसतरह के माहौल से राजनैतिक लाभ हासिल होता है। लिहाजा इस बात का पता लगाना बहुत जरूरी है कि वेश बदलकर या लुकछुप कर देश में साम्प्रदायिकता की आग लगाने वाले ये दुष्ट लोग हैं कौन ,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन लाभ मिलता दिख रहा है। परिवार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपकी माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दें सकती हैं। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा मौका हाथ लगेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आप कोई वादा सोच समझकर करें। माताजी की सेहत में गिरावट आ सकती हैं। आप अपने कामों में लापरवाही के कारण किसी समस्या को जन्म दे सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी किसी सहयोगी से आपको मिलने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग बनेंगे।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ समस्याएं चली आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी। आपको नौकरी के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लेकर कोई डेट प्लान कर सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप किसी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके साथ बॉस का रवैया थोड़ा कड़वा रहेगा, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने कामों में मेहनत से पीछे ना हटेंगे। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके बिजनेस में कोई नई समस्या खड़ी हो सकती है। सोच समझकर कोई इन्वेस्टमेंट करना होगा जो आपके लिए समस्या बनेगा। आपके भाई-बहन परिवार में किसी सदस्य को आपकी कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं, बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपको अपने व्यवसाय में क्वालिटी पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कन्या** आज का दिन नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनका प्रमोशन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपके कई विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आप लेनदेन से संबंधित मामलों में पूरा ध्यान दें। किसी से बिना सोचे समझे कोई लेनदेन ना करें।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी नए व्यवसाय की शुरूआत करने के लिए अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर कोई लोन भी लेने की सोच सकते हैं। आपकी किसी बात को लेकर परिवार में विवाद खड़ा हो सकता है, लेकिन आपको व्यवसाय में कुछ बदलाव करना अच्छा रहेगा। आपकी भाई और बहनों से खूब पटेगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी योजना में भविष्य को लेकर इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आस पड़ोस में आप किसी बात को लेकर वाद-विवाद में ना पड़े, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है, क्योंकि कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। आपको इनकम के सोर्स भी मिल सकते हैं।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी से किए हुए वादे को पूरा समय रहते पूरा करना होगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है। किसी पुराने मित्र से आपसे लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आएगा, लेकिन आप अपने धन को ध्यान में रखकर ही खर्च करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप दिखावे के चक्कर में पड़कर समस्याओं में पड़ सकते हैं। आपकी ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से खटपट होने की संभावना है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, लेकिन आपको अपने सहयोगियों से कोई मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में जुड़कर अच्छा नाम कमाएंगे। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने धार्मिक कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको अपने किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिल सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधानी रखकर ही इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है। आपके भाई व बहनों से भी आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। कार्य क्षेत्र में आपको किसी बात को लेकर अपने बॉस से बातचीत करनी होगी। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, लेकिन अत्यधिक मात्रा में धन न लगाएं। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

गंभीर समस्या

# वैश्विक शांति में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध

**संजीव स्तंभकार**

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है इसका स्थाई समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़े ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए। इसराइल हमास युद्ध किसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है। आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।



आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है' भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है' भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है' आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा' वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है' आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है' वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

व्यंग्य

# घर जल रहा है

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



गली नंबर पाँच में आज सुबह-सुबह उस किस्म की अफरातफरी थी, जैसी फालतू सोशल मीडिया पर वायरल हुए किसी भूतिया वीडियो में होती है। मगर यहाँ मामला जरा असली था। शर्मा जी के घर में आग लग गई थी। हां, वही शर्मा जी जो अपनी सोसायटी मीटिंग्स में मैं तो समाज सेवा के लिए जीता हूंकहकर मंच तोड़ देते थे। आग न जल रही थी, न जल रही थी—वो भभक रही थी। जैसे कोई पुरानी सास को बहू की नई साड़ी की कीमत बता दी जाए, वैसी भड़क। लोग चिल्ला रहे थे, पानी लाओ, बाल्टी लाओ, बाल्टी की मम्मी को भी बुलाओ !मगर शर्मा जी? वो मोबाइल में गूगल कर रहे थे—जलते हुए घर के पड़ोसी को सांत्वना कैसे दें? और फिर जैसे ही उन्होंने फोन जेब में रखा, टोपी सीधी की, और ऐलान किया—मैं वर्मा जी के घर जा रहा हूं, उनके बेटे को बुखार है। इंसानियत सबसे पहले।पड़ोसी भौचक्क, मोहल्ला सन्न, और आग को जैसे ऑक्सीजन मिली हो। शर्मा जी समाज सेवा के इतने बड़े फैन थे कि उन्होंने अपने घर की दीवारों को भी स्वच्छ भारतऔर बेटी बचाओके पोस्टरों से सजाया था, ताकि आग जब लगे तो अच्छे विचारों के साथ लगे। ये वही शर्मा जी थे जो कहते थे, हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि पड़ोसी के दुख में साथ देना सबसे बड़ी पूजा है।कोई पूछे, साहब, पूजा में अगर घर ही भस्म हो जाए तो प्रसाद कहाँ चढ़ेगा? शर्मा जी की पत्नी, जिसे मोहल्ले वाले 'श्रीमती समाजसेवा देवी' कहते थे, वो तवा लेकर आग बुझा रही थी। तवा गरम हो गया, पर आग नहीं बुझी। शर्मा जी को कॉल किया—सुनिए, छढक्ष सिलेंडर गरम हो रहा है, आएंगे?और उधर से जवाब आया—वर्मा जी का बेटा बहुत कमजोर हो गया है, उसे गाजर का हलवा बना रहा हूं। सेवा में व्यस्त हूं।मोहल्ले वालों ने पहली बार महसूस किया कि आग की लपटें जब आदमी के विचारों से टकराती हैं, तो धुएँ में सिर्फ लकड़ी नहीं जलती, रिश्ते भी राख हो जाते हैं। शर्मा जी जब वर्मा जी के घर पहुँचे तो वहाँ का माहौल कुछ अलग था। बच्चे को मामूली जुकाम था, मगर शर्मा जी ने उसे गोद में उठाया और बोले—बेटा, अब डरने की जरूरत नहीं, अंकल यहाँ हैं।और तभी वर्मा जी की बीवी बोल उठीं, अरे शर्मा जी, आपका घर जल रहा है, आप यहाँ क्या कर रहे हैं?शर्मा जी मुस्कराए जैसे मिस यूनिवर्स बन गए हों, बोले—घर तो जलते रहते हैं, इंसानियत नहीं जलनी चाहिए।वो मुस्कान वैसी ही थी जैसी नाटक में नायक आखिरी सीन में मरने से पहले देता है। पर फर्क ये था कि यहाँ मरना घर को नसीब हुआ। शर्मा जी के घर की दीवारें अब मुहावरे बोलने लगी थीं—जहाँ चाह वहाँ राह, मगर आग में सब भस्म।मोहल्ले की भीड़ में एक बच्चा चिल्लाया—मम्मी, शर्मा अंकल का टीवी पिघल गया!मम्मी बोली—चुप कर, वो टीवी नहीं, सेवा की भावना थी!और शर्मा जी अपने आंसू पोंछते हुए कह रहे थे—मैंने तो टीवी इसलिए रखा था ताकि उसमें न्यूज चैनल देखकर समाज की चिंता कर सकूं।वहाँ एक वृद्ध बोले—बेटा, समाज की चिंता करने से पहले अपना चूल्हा देख लेना चाहिए।शर्मा जी ने कहा—बिलकुल, मगर मैं समाज का दीपक हूं, और दीपक जलने के लिए ही होता है।सब रो पड़े, और आग... आग भी जैसे शर्मा जी की भावना से शर्मिंदा हो गई। मोहल्ले की उस गली में अब राख की परतें थीं, और शर्मा जी की छवि अब आदर्श नागरिकसे आग परोस नागरिकहो चुकी थी। कुछ लोगों ने व्हाट्सएप पर स्टेटस डाला—भक्ति में शक्ति है, पर जलती हुई रसोई में बाल्टी भी जरूरी है।और कुछ ने कहा—शर्मा जी जैसे लोग अगर नेता बन जाएँ, तो देश जलता रहेगा और ये सेवा करते रहेंगे।एक पत्रकार आया, बोला—शर्मा जी, आप कैसा महसूस कर रहे हैं?शर्मा जी बोले—मुझे खुशी है कि मैं वर्मा जी के बेटे की सेवा कर पाया।कैमरा बंद होते ही आँसू बह निकले—वो सेवा का नहीं, टीवी, फ्रिज, और पुरानी चिट्ठियों का था। अंततः, जब सब राख हो गया, शर्मा जी वहीं खड़े होकर बोले—अब तो मन कर रहा है किसी NGO में काम करूं।पास में खड़ी बिल्लियाँ भी रो दीं, शायद उन्हें लगा अब अगली बार आग में वो भी पक जाएँगी। शर्मा जी की पत्नी बोलीं—चलो अब कुछ नया बनाते हैं।शर्मा जी बोले—हाँ, अगली बार घर नहीं, चूल्हा जलाएँगे।मगर मोहल्ला जान चुका था—जिसका चूल्हा ठंडा हो, वो दूसरे के तवे पर रोटी नहीं सेंकता। और जब रात ढली, शर्मा जी नींद में बड़बड़ा रहे थे—मैंने सेवा की, मैंने त्याग किया... मैं महान हूं...मगर सपने में वो जलता हुआ घर आता रहा, और हर बार वो बाल्टी लेकर पड़ोसी के बाथरूम में खड़े मिलते। अब मोहल्ले के बच्चे शर्मा जी को देखकर कहते हैं—ये वही अंकल हैं जिनका घर जल गया और ये द्यसोशल वर्कर ऑफ द ईयर बन गए। कभी-कभी, घर की राख भी इतनी स्याह होती है कि उसमें से सिर्फ आँसू निकलते हैं, आदर्श नहीं।

## एक नजर

### सभी आश्रम, छात्रावासों ने बच्चों को सभी सुविधाएं मिले:कलेक्टर

**दंतेवाड़ा, 4 मई ।** आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन के सभागार में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आदिवासी विकास विभाग की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी आश्रम एवं छात्रावासों में बच्चों को सर्वसुविधायुक्त वातावरण मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 के लिए आश्रमों और छात्रावासों में स्वीकृत एवं प्रवेशित सीटों की स्थिति की जानकारी ली और ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी बच्चों की काउंसलिंग कर आगामी सत्र में शत प्रतिशत छात्रवृत्ति सुनिश्चित की जाए।

### 25 मार्च के नक्सली मुठभेड़ की होगी दंडाधिकारी जांच

**दंतेवाड़ा, 4 मई ।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा अंतर्गत थाना गीदम क्षेत्रांतर्गत दिनांक 25 मार्च 2025 को ग्राम ईकेली, गिरसापारा, नेलगुड़ा बोड़गा के मध्य जंगल पहाड़ के पास पुलिस-माओवादियों की बीच मुठभेड़ में 03 पुरूष माओवादियों की मारे जाने के फलस्वरूप दण्डाधिकारी जांच हेतु उक्त न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में थाना गीदम के अपराध क्र0 28/2025 धारा 191(2), 191(3), 190, 109, बी.एन.एस., 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 वि.प.अधि. एवं 10, 13 (1), 16, 20, 38(2), 39(2) विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत् कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया हैइस संबंध में सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि उक्त घटना के संबंध में दिनांक 21 मई 2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर मौखिक, गोपनीय, लिखित रूप से साक्ष्य दे सकते हैं, इस तिथि के बाद प्रस्तुत दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

### 31 मार्च के नक्सली मुठभेड़ के संबंध में 22 मई तक दिया जा सकता है साक्ष्य

**दंतेवाड़ा, 4 मई ।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा अंतर्गत थाना गीदम क्षेत्रांतर्गत दिनांक 31 मार्च 2025 को ग्राम नेलगोड़ा, ईकेली, बेलनार, गिरसापारा, के मध्य जंगल पहाड़ के पास पुलिस-माओवादियों की बीच मुठभेड़ में 01 महिला माओवादी की मारे जाने के फलस्वरूप दण्डाधिकारी जांच हेतु उक्त न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में थाना गीदम के अपराध क्र0 30/2025 धारा 191(2), 191(3), 190, 109, बी. एन.एस., 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 वि.प.अधि. एवं 10, 13(1), 16, 20, 38(2), 39(2) विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत् कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है।

इस संबंध में सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि उक्त घटना के संबंध में दिनांक 22 मई 2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर मौखिक, गोपनीय, लिखित रूप से साक्ष्य दे सकते हैं, इस तिथि के बाद प्रस्तुत दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

### लेखन, स्टेशनरी तथा विविध सामग्री के संबंध में निविदा 16 मई तक

**दंतेवाड़ा, 4 मई ।** कार्यालय कलेक्ट्रेट से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा एवं जिले के अन्य सहयोगी कार्यालयों में आवश्यकतानुसार लेखन, स्टेशनरी तथा विविध सामग्रियों की आवश्यकता होगी। इस हेतु सामग्रियों की दर निर्धारण हेतु ''सीलबन्द'' निविदा 16 मई 2025 को अपराह्न 04 बजे तक आमंत्रित की जाती है। समयावधि पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। लेखन सामग्री की सूची तथा निर्धारित शर्तों का अवलोकन, कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर दंतेवाड़ा के प्रथम तल स्थित प्रपत्र शाखा कक्ष क्रमांक 124 में किया जा सकता है।

# युवा शक्ति से होगा विकसित भारत का निर्माण: केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जगदलपुर,4 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नीति-राज्य कार्यशाला श्रृंखला के राज्य समर्थन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों के लिए कौशल विकास, रोजगार और आजीविका के अवसरों को विस्तार देने विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ कर चार महत्वपूर्ण एमओयू किये। जिसे लेकर छत्तीसगढ़ के कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप ने बयान जारी करते हुए कहा कि हमारी विष्णुदेव साय सरकार युवाओं को रोजगार करने की दृष्टी से हर संभव प्रयास कर रही है। मंत्री कश्यप ने कहा कि हमारा प्रदेश नव युवा राज्य है। यहाँ रोजगार और स्वालम्बन के अपार सम्भावनाएं हैं। ऐसे में हमारी साय सरकार ने यहाँ के युवाओं को कौशल युक्त करने जो पहल की है वह भविष्य के विकसित छत्तीसगढ़ से विकसित भारत के सपना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी।

**बस्तर के संसाधनों का होगा समुचित उपयोग, मिलेगा युवाओं को लाभ-** वनमंत्री एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर खनिज सम्पदा के साथ वन और प्रकृतिक सम्पदा से परिपूर्ण क्षेत्र है। बस्तर के युवाओं ने आज शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अविश्वनीय सफलता प्राप्त किया वैसे ही अब कौशल विकास के माध्यम से स्वालंबन के दिशा में सफलता को प्राप्त करेंगे। हमारी सरकार इस एमओयू के माध्यम से युवाओं के कौशल को संवारने का काम करेगी। बस्तर क्षेत्र में हमारी आर्थिक व सामाजिक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से योजना तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि वनवासी क्षेत्रों में वन-आधारित आजीविका कार्यक्रमों पर कार्य किया जायेगा इससे हमारे आदिवासी समुदाय के लोगों की आय में वृद्धि होगी। राज्य-स्तरीय योजनाओं में जनजातीय युवाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें नई तकनीक और कौशल से जोड़ने की दिशा में भी हमारी सरकार अभियान पूर्वक कार्य करेगी।

**महत्वपूर्ण चार एमओयू**

**प्रथम एमओयू:-** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं नंदी फाउंडेशन

**उद्देश्य:-** आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना एवं आवश्यक कौशल प्रदान कर उनके आजीविका के साधनों में सुधार लाना

**द्वितीय एमओयू:-** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं महेंद्रा एंड महेंद्रा कंपनी

**उद्देश्य:-** दंतेवाड़ा कोंडागांव और बलरामपुर जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में ट्रैक्टर मैकेनिक पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

**तृतीय एमओयू:-** उच्च शिक्षा विभाग एवं नैसकॉम

**उद्देश्य:-** कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देकर उन्हें जॉब प्रोवाइडर के रूप में विकसित करना

**चतुर्थ एमओयू:-** उच्च शिक्षा विभाग एवं नंदी फाउंडेशन

**उद्देश्य:-** महाविद्यालय छात्रों को रोजगार पर एक शिक्षक प्रदान कर उन्हें कुशल और आत्मनिर्भर युवा बनाना

### पिंगला बाई को मिला आधार कार्ड

**कांकेर 4 मई ।** छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार आम जनता के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। जिले में सुशासन तिहार के तहत आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीमें गांव-गांव जाकर आवेदन निराकरण शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान कर रही हैं, साथ ही शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभन्वित भी किया जा रहा है।सुशासन तिहार के माध्यम से चारामा तहसील के ग्राम पुरी निवासी 65 वर्षीय श्रीमती पिंगला बाई साहू के आवेदन पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर आधार कार्ड प्रदान किया गया। श्रीमती साहू ने बताया कि पहले उनका आधार कार्ड नहीं होने के कारण शासन की योजनाओं से वंचित थीं।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में पंच-सरपंच की अहम भूमिका:किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर,4 मई।** विधानसभा क्षेत्र में आज जनपद पंचायत जगदलपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आड़ावाल में पंच सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव शामिल होकर सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत का बहुत बड़ा महत्व होता है। पंचायत एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। सभी नव निर्वाचित जिला, जनपद, सरपंच, उपसरपंच एवं पंच को बधाई एवं शुभकामनाएं। आड़ावाल में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में सर्वप्रथम मां दंतेश्वरी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव का उप सरपंच व सरपंच जनपद सदस्यगणों के आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि हम सभी की सोच होनी चाहिए कि हमारे क्षेत्र के देवतुल्य जनमानस का विकास हो। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल क्रियान्वयन करने में आप सभी की अहम भूमिका होती है। पंचायतों में योजनाओं का क्रियान्वयन करने में हम सभी को मिलकर कार्ययोजना के साथ गांव के विकास के लिए कार्य करना है। सबसे महत्वपूर्ण इकाई पंचायत की होती है। हम पंचायत के जनप्रतिनिधि सीधे जनता से जुड़कर जनता के मूलभूत सुविधाओं को देना हमारा दायित्व है। सरपंचों की भूमिका ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण होती है। श्री देव ने कहा अपने अपने क्षेत्रों में परिस्थितियों के अनुरूप विकास कार्य करना है समग्र रूप से सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कार्य करना है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच देश के अंतिम व्यक्ति तक शासन की विकास व जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचे। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सोच शहर से लेकर गांव तक हमारे प्रदेश की जनता का विकास करना, हमारी सरकार हर क्षेत्र में विकास कर रही है । जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कड़ी का कार्य हम करते हैं । ज्यादा से ज्यादा लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले हमारा कर्तव्य है। क्षेत्रीय विधायक श्री किरण देव ने कहा जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का सफ़ल क्रियान्वयन किया जा रहा है। आप अपने क्षेत्रों की समस्याओं को हमें बताएं समस्याओं का समाधान किया जायेगा। हमारी सरकार वचनबद्ध है हर क्षेत्र में विकास कार्य होंगे। हम जनप्रतिनिधियों का कार्य जनता के कार्यों को प्राथमिकता के साथ करना है। आप सभी के सहयोग से हर क्षेत्र में विकास कार्य होंगे। अपने अपने पंचायत क्षेत्रों के कार्यों को प्राथमिकता के साथ लायें । वहीं जनपद अध्यक्ष श्री पदलाम नाग ने कहा हम सभी मिलकर जनपद पंचायत को आदर्श व श्रेष्ठ जनपद बनायें। सभी मिलकर सामंजस्य के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार में लगातार हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। वहीं सुब्रतों विश्वास ने भी सम्मेलन में अपनी बात रखी। वहीं पंच सरपंच सम्मेलन में परिचर्चा भी रखा गया था जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के समक्ष उपसरपंच, सरपंच व जनप्रतिनिधि ने अपने अपने क्षेत्र की बात रखी । इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्यगण, सरपंच, उपसरपंच,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, हरिराम मंडावी, सुब्रतों विश्वास, मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, सीमांचल दास,धरमू राम मंडावी,फूल सिंह सेठिया,लखीधर बघेल, राधे पन्दें, अर्जुन सेठिया, सीईओ अमित भाटिया व काफी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आमजनता की समस्याओं का निराकरण गंभीरता से करें अधिकारी: अरुण साव

**कांकेर, 4 मई ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव ने आज जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली, साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सुशासन तिहार प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत आगामी 05 मई से आमजनता की समस्याओं व मांगों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। प्रभारी मंत्री श्री साव ने सभी जिला स्तर के अधिकारियां को निर्देशित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण औपचारिकतापूर्ण नहीं, गंभीरता से करें। बैठक में सांसद श्री भोजराज नाग, कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत भी मौजूद थीं।जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर 12.30 बजे से आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कांकेर श्रेष्ठ जिला है, इसे और बेहतर बनाने की दिशा में सभी अधिकारियों को समन्वित प्रयास करना होगा। वे अपनी योग्यता, बुद्धिमता और क्षमता का पूर्ण उपयोग करते हुए शासन की मंशानुसार योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करें। श्री साव ने विशेष रूप से पेयजल, नगरीय विकास, शिक्षा, निर्माण कार्य, जल संरक्षण, आवास तथा स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। साथ ही वर्षा ऋतु के पहले सभी निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।बैठक में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की जानकारी उप मुख्यमंत्री को दी। जिले के प्रभारी मंत्री श्री साव ने नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए नगर पंचायत भानुप्रतापपुर और पखांजूर में आवास निर्माण की धीमी गति पर असंतोष प्रकट करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। इसी तरह अटल परिसर निर्माण कार्य की प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तहत घरेलू नल कनेक्शन, हैण्डपंप और जल जीवन मिशन के तहत जल प्रदाय योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। उन्होंने शत-प्रतिशत घरों में नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए। श्री साव ने अमृत सरोवर योजना पर विशेष रूप से फोकस करते हुए कहा कि जल संरक्षण के लिए सिर्फ प्रशासन ही नहीं, जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना होगा, ताकि भावी पीढ़ी सुरक्षित रह सके। उप मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के तहत निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए आवास प्लस 2.0 के तहत किए जा रहे सर्वे का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मण्डावी को दिए। इसके अलावा उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, नियद नेल्लानार योजना, नई नक्सल पुनर्वास नीति के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।



# सप्लाई केंद्र में पानी की कालाबाजारी पर लगेगी रोक:संजय



**जगदलपुर, 4 मई।** महापौर संजय पाण्डे, महापौर परिषद के सदस्य व नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने शनिवार को पानी सप्लाई केंद्र का जायजा लिया। जहां वर्तमान व्यवस्था देख महापौर ने नाराजगी जाहिर की। फिजूल बहते पानी को देखकर उन्होंने कहा की पानी टैंकर भरे जाने के बाद पानी व्यर्थ नहीं बहना चाहिए। वहीं दिन भर में जितने भी पानी टैंकर भरे जाते हैं उनका हिसाब किताब पूरे पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। आम लोगों हेतु पानी सप्लाई में सम्मानित पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो भी पानी टैंकर सप्लाई की जाती है उसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। दरअसल लंबे समय से पानी सप्लाई केन्द्रो में कुछ अवस्थाएं थी जिसकी जानकारी महापौर सहित पार्षदों को मिली थी। अवकाश का दिन होने के बावजूद भी संजय पाण्डे निगमके महापौर परिषद के सदस्यों के साथ पानी सप्लाई सेंटर में आयुक्त के साथ निरीक्षण करने पहुंचे।महापौर पाण्डे ने कहा की सामान्य सभा में टैंकरों के दर तय किए गए हैं जोकि सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है । निर्माण कार्य हेतु उपयोग में लाए जाने वाले टैंकरों से प्रति टैंकर एक हज़ार रुपया की राशि काटी जानी है । निर्धन कन्या के विवाह व शोक कार्यक्रम के लिए पानी टैंकर निःशुल्क दिया जाएगा साथ ही धार्मिक कार्यक्रम के लिए आयोजकों द्वारा पानी स्टोरेज की व्यवस्था किए जाने पर वहां पर भी पानी टैंकर निःशुल्क दी जाएगी। अनियमितता से बचने राशि जमा कर रशीद प्राप्त करने के बाद ही पानी टैंकर भेजा जाएगा। जल कार्य विभाग के सभापति सुरेश गुप्ता ने कहा कि पानी का सदुपयोग हो और टैंकर का कहीं भी गलत उपयोग न हो पाए इसके लिए व्यवस्था दुरुस्त किया जाएगा।

### नगर निगम की सामान्य सभा में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** नगर निगम चुनाव के बाद महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम का पहला बजट पेश किया। बजट सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। जिलाध्यक्ष राजपूत ने महापौर मधुसूदन यादव, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, महापौर परिषद के सदस्यों सहित सभी पार्षदों को पहले बजट के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और पेश किए गए बजट की सराहना की। उन्होंने बजट को सर्व समावेशी व शहर को विकास की ओर ले जाने वाला बजट बताया। बजट सत्र के दौरान अन्य विषय के रूप में वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपूत ने इस प्रस्ताव को देश हित में लिया जाने वाला फैसला बताया। बजट सत्र में जिलाध्यक्ष राजपूत के साथ मंडल अध्यक्षद्वय सुमीत सिंह भाटिया, प्रशांत गुप्ता गोलू एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# जिले में समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से शुरू होगा

**महासमुंद 4 मई।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले मे समाधान शिविर का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा।जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत 8 व जनपद पंचायत अंतर्गत 41 शिविर आयोजित किया जाएगा। सभी शिविरो के लिए अलग अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।पहला समाधान शिविर 5 मई को 3 जनपद पंचायत क्षेत्र व एक नगरीय निकाय में आयोजित होगा5 मई को समाधान शिविर विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम गोपालपुर हाई स्कूल भवन में, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमाखान, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी एवं नगरीय निकाय तुमगांव अंतर्गत भाटापारा डोम शेड वार्ड क्रमांक 14 में आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायत गोपालपुर शिविर में अठारगुड़ी, भीथीडीह, चारभांठा, गोपालपुर, खैरखुंटा, किशनपुर, लहरौद, लाखगढ़, पिलवापाली, राजसेवैयाखुर्द, सरकड़ा, टेका, लक्ष्मीपुर, डोंगरीपाली एवं अमलीडीह के ग्रामीणजनों के समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत कोमाखान शिविर में बागबाहराकला, बकमा, बसूलाडबरी, भालूचूंवा, बिहाझर, घुंचापालीकला, घोयनाबाहराकला, कसीबाहरा, खोपली, कोमाखान, कुलिया, सिवनीकला, सुवरमार, टोंगोपानिकला एवं सोनपुटी के ग्रामीणजन अपने मांग व समस्याओं से संबंधित समाधान पा सकेंगे। इसी तरह ग्राम पंचायत बिरकोनी शिविर में अछरीडीह, बडगांव, बम्हनी, बरौंडाबाजार, बेलसोडा, बिरकोनी, चिंगरौद, घोड़ारी, लाफिनखुर्द, मुड़ेना, नादगांव एवं बरबसपुर तथा नगर पंचायत तुमगांव वार्ड क्रमांक 14 शिविर में डॉ.अंबेडकर वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, सुभाष चंद्र बोस वार्ड, पंडित दीनदयाल नगर वार्ड व राजीव गांधी वार्ड के नागरिकों का मांग एवं शिकायतों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। 6 मई को विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेकेरा एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंदुवा में शिविर आयोजित होगा।

# पर्यवेक्षिका पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भोपालपटनम,4 मई।** भोपालपटनम ब्लॉक के एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम गोल्लागुड़ा (मांझीपारा) स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता श्रीमती नरेंद्रा दुर्गम के साथ भोपालपटनम सेक्टर पर्यवेक्षिका श्रीमती अंकिता प्रजापति के द्वारा अभद्र पूर्वक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पूरे क्षेत्र की लगभग 300 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ ने भोपालपटनम एकीकृत बालविकास परियोजना कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम से परियोजना अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा गया है। जब से श्रीमती अंकिता प्रजापति भोपालपटनम सेक्टर प्रभारी के रूप में प्रभार लिए हैं, तब से कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ दुर्व्यवहार करती रहती हैं। श्रीमती नरेंद्रा दुर्गम गोलागुड़ा आंगनबाड़ी केंद्र मांझी पारा जिनका की माह अप्रैल 2025 का मानदेय बिना किसी सूचना दिए 7 दिवस का काटा गया है। जो कि शासन के नियमों के विरुद्ध है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है ,कि पर्यवेक्षिका के द्वारा कार्यकर्ताओं से सुपोषण की राशि प्रति माह के हिसाब से मांगी जाती है। और साथ में कार्यकर्ताओं को जो टी ,ए , (यात्रा भत्ता) का राशि भी ?300 दी जा रही है। जो कि 1300 या 1400 सौ रुपए बनता है।उस में से भी अपना कमीशन मांग करती हैं। इस संबंध में भी श्रीमती नरेंद्रा दुर्गम को दिसंबर माह में उक्त राशि के लिए बार बार फोन कर सम्बंधित राशि का मांग किया गया है ।पर्यवेक्षिका के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से तुम सेक्टर प्रमुख हो जवाबदारी तुम्हारी है ,कह कर फोन पर मुझे बार-बार धमकी दिया गया है। मार्च माह में भी तुम लोगों का अधिक राशि आया कहकर बार-बार फोन कर राशि की मांग किया जाता है नरेंद्रा दुर्गम कार्यकर्ता के द्वारा राशि नहीं दिए जाने के कारण दिनांक 25/0 4/ 2025 को सेक्टर बैठक गो ल्लागुड़ा मांझी पारा से श्रीमती नरेंद्रा दुर्गम के साथ सेक्टर पर्यवेक्षिका के द्वारा अभद्रता पूर्वक व्यवहार करते हुए, उक्त बैठक से उन्हें बाहर कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है। उनके द्वारा मांगी गई राशि नहीं देने के कारण हम पर प्रत्यक्ष रूप से दुर्व्यवहार करते आ रहे हैं। इस गंभीर समस्या को मौखिक रूप से परियोजना अधिकारी को सूचित किया गया है। उसके बाद भी किसी प्रकार का कार्रवाई उनके द्वारा नहीं की गई है। और पर्यवेक्षिका के द्वारा लगातार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को हीन भावना से देखती हैं। जिससे हम मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं।सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भोपालपटनम सेक्टर पर्यवेक्षिका को तत्काल हटाने के लिए जिला कलेक्टर के नाम का शिकायत पत्र परियोजना अधिकारी कार्यालय में सौंपा है।

# फोती प्रक्रिया पूरी होते ही लोकनाथ को पुश्तैनी भूमि का अधिकार मिला



**महासमुंद, 4 मई ।** 'सुशासन तिहार' के अंतर्गत जिले में नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल शासन की पहुंच को आमजन तक सुनिश्चित करना है, बल्कि वर्षों से लंबित जनसमस्याओं का समाधान भी सुलभ रूप से प्रदान करना है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम केवरापाली के निवासी श्री लोकनाथ को फोती प्रक्रिया पूरी होते ही उनकी पुश्तैनी भूमि का अधिकार प्राप्त हुआ। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में श्री लोकनाथ, पिता स्वर्गीय कृष्णप्रसाद, ने ग्राम केवरापाली स्थित 176 हेक्टेयर भूमि के स्वामित्व हेतु आवेदन किया था। यह भूमि पूर्व में उनके पिता श्री कृष्णचंद्र के नाम दर्ज थी। उनके निधन के उपरांत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की भूमि अधिकार योजना के तहत, विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए जमीन को लोकनाथ के नाम स्थानांतरित किया गया।इस पूरी प्रक्रिया में बसना तहसीलदार सुश्री ममता ठाकुर की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर फोती की प्रक्रिया पूरी करवाई – जिसमें भूमि की वास्तविक स्थिति, कब्जा और सीमाएं जांची जाती हैं – और उसके बाद जमीन का सीमांकन कराया गया। फोती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ही श्री लोकनाथ को संबंधित खसरा और बी-वन दस्तावेज विधिवत सौंपे गए।अपनी पुश्तैनी भूमि का अधिकार प्राप्त होने पर श्री लोकनाथ भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि यह वह क्षण था जिसका उन्हें वर्षों से इंतज़ार था। लंबे समय तक चली प्रतीक्षा और निरंतर प्रयासों के बाद जब उन्हें अपने हक का प्रमाण पत्र मिला, तो उनकी आँखें भर आईं। उन्होंने सरकार की इस पहल के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम न केवल उनके लिए, बल्कि उनके जैसे कई लोगों के लिए आशा की एक नई किरण है।

# गरियाबन्द में नक्सलियों के साथ मुठभेड़, आठ लाख का इनामी नक्सली योगेश उर्फ साकेत ढेर

**गरियाबंद, 4 मई।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के जुगाड़ थाना क्षेत्र के मोतीपानी गांव के पास जंगल में बीती रात सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में एक हार्डकोर नक्सली मारा गया। मारे गए नक्सली की पहचान योगेश उर्फ साकेत उर्फ आयतु कोरसा के रूप में हुई है, जो बस्तर डिवीजनल कमेटी (डीबीसीएम) का सदस्य था और जिस पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। यह नक्सली बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र का निवासी था और कई बड़े नक्सली हमलों में वांछित था। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबल मौके से भागे अन्य नक्सलियों का पीछा कर रहे हैं, और क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

### खुफिया जानकारी पर शुरू हुआ ऑपरेशन

पुलिस को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर गरियाबंद पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने जुगाड़ और शोभा थाना क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। सूचना थी कि नक्सलियों की एक टुकड़ी इस इलाके में सक्रिय है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रही है। जैसे ही सुरक्षाबल मोतीपानी गांव के जंगल में पहुंचे, नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक नक्सली को मार गिराया, जबकि अन्य नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले।



### मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद

मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली, जिसमें एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर), 12 बोर की गोलियां, मैगजीन, बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (जीबीएल), कई वॉकी-टॉकी, गोलियां, नक्सली साहित्य, दवाइयां, और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई। इसके अलावा, कुछ विस्फोटक सामग्री भी जब्त की गई, जो नक्सलियों की किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रही है।

### नक्सली योगेश की भूमिका और अपराध

गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक रखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मारा गया नक्सली योगेश उर्फ साकेत उर्फ आयतु कोरसा नक्सल संगठन में बडे स्तर का नेता था और बस्तर डिवीजनल कमेटी का महत्वपूर्ण सदस्य था। वह बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र का निवासी था और कई बड़े नक्सली हमलों, हत्याओं, और विस्फोटों में शामिल रहा है। उस पर छत्तीसगढ़ पुलिस ने 8 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस अधीक्षक ने इसे सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी रणनीतिक जीत करार दिया।

### सर्च ऑपरेशन और सुरक्षा व्यवस्था

मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबल अन्य नक्सलियों की तलाश में जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस को आशंका है कि भागे हुए नक्सली पास के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक निखिल रखेचा ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ और महत्वपूर्ण सुराग मिलने की संभावना है, जिससे नक्सली नेटवर्क को और कमजोर करने में मदद मिलेगी।

### नक्सलवाद के खिलाफ तेज होती कार्रवाई

यह मुठभेड़ उस समय हुई है, जब छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों का अभियान तेजी से चल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य के तहत बस्तर संभाग में डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन, और बस्तर फाइटर्स की टीमें लगातार ऑपरेशन चला रही हैं। इस साल अब तक बस्तर संभाग में 128 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, और कई इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिसमें गरियाबंद के भी तीन से अधिक नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है

### पुलिस अधीक्षक का बयान

पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक रखेचा ने अपने बयान में कहा, ÷यह मुठभेड़ नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। योगेश उर्फ साकेत जैसे हार्डकोर नक्सली का मारा जाना नक्सली संगठन के लिए बड़ा झटका है। हमारा सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा है, और हम नक्सलियों को किसी भी कीमत पर बख्शगे नहीं । क्षेत्र में शांति स्थापित करना हमारा प्रथम लक्ष्य है।

### नक्सलियों की रणनीति को झटका

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, योगेश उर्फ साकेत नुआपाड़ा डिविजन कमेटी को फिर से संगठित करने की कोशिश में था, जो जनवरी 2025 में गरियाबंद में 16 नक्सलियों के मारे जाने के बाद कमजोर पड़ गई थी। वही बीती रात की इस घटना ने नक्सलियों की कमर ही तोड़ दी है साकेत उर्फ योगेश की के मौत से नक्सलियों की रणनीति को बड़ा झटका लगा है।

### स्थानीय लोगों में राहत

इस मुठभेड़ के बाद स्थानीय लोगों में राहत की सांस है, क्योंकि योगेश जैसे नक्सली ग्रामीणों में दहशत पैदा करने और जबरन वसूली करने के लिए कुख्यात थे। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की उम्मीद बढ़ी है।

### आगामी रणनीति

पुलिस और सुरक्षाबल अब इस मुठभेड़ से मिले सुरागों के आधार पर नक्सली नेटवर्क को और कमजोर करने की योजना बना रहे हैं। खुफिया तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है ताकि नक्सलियों की गतिविधियों पर पहले से नजर रखी जा सके।यह मुठभेड़ न केवल गरियाबंद बल्कि पूरे बस्तर संभाग में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षाबलों की इस सफलता से नक्सली संगठन की कमर टूटने की उम्मीद की जा रही है।

**एक नजर**

## महिला नगर सैनिक एवं नगर सैनिक भर्ती परीक्षा के चयनित अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

बीजापुर 4 मई। छत्तीसगढ़ गृह होमगार्ड विभाग द्वारा महिला नगर सैनिक छात्रावास ड्यूटी के 1715 एवं नगर सैनिक जनरल ड्यूटी के 500 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आयोजित शारीरिक माप.जोख एवं दक्षता परीक्षा पूर्ण कर ली गई है। इस प्रक्रिया में 20.137 पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथि के माध्यम से पंजीयन कर ऑनलाइन आवेदन सबमिट करना अनिवार्य है। व्यापम द्वारा अभ्यर्थियों को पंजीयन क्रमांक पर ही प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। बिना पंजीयन और आवेदन किए गए अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगाए जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।पूर्व में गृह विभाग की वेबसाइट पर किए गए ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार का सुधार या संशोधन अनुमत नहीं होगा। आवेदन सबमिट करना अनिवार्य है।लिखित परीक्षा का कार्यक्रम इस प्रकार है पंजीयन और ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ 16 अप्रैल 2025 ,बुधवार आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई 2025 शुक्रवार, सायं 5.00 बजे तकप्रवेश पत्र जारी होने की तिथि 13 जून लिखित परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून 2025 रविवार परीक्षा समय पूर्वान्ह 2 घंटे परीक्षा केंद्र, जगदलपुर शामिल जिले नारायपुर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर, सुकमा सभी पात्र अभ्यर्थी समयसीमा में आवश्यक पंजीयन कर आवेदन सबमिट करें एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हों।

## सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से हो रहा शुरू



**रायगढ़, 4 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में संवाद से समाधान की पहल के रूप में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। तीन चरणों में संपन्न होने वाले सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई को प्रारंभ होगा जो 31 मई तक चलेगा। जिसमें सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस तीसरे चरण में रायगढ़ जिले में कुल 79 समाधान शिविरों का आयोजन होगा। पहले दिन 5 मई को जिले के 12 स्थानों में समाधान शिविर का आयोजन होगा। इसमें ग्रामीण के 05 एवं नगरीय क्षेत्र के 07 स्थानों पर शिविर लगेंगे। इस संबंध में आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने प्रेस वार्ता लेकर समाधान शिविर के तीसरे चरण की प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी दी। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव इस दौरान उपस्थित रहे। सुशासन तिहार अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक चलने वाले तीसरे चरण में जिले में कुल 79 समाधान शिविर का आयोजन होगा। जिसमें 53 ग्रामीण एवं 26 नगरीय क्षेत्र शामिल हैं। इसमें विभागीय अधिकारी आवेदकों को प्राप्त आवेदनों पर की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी देंगे, इसके अलावा नए आवेदन भी लिए जाएंगे। जिसका यथा संभव मौके पर निराकरण किया जाएगा। समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं का लाभ ले सकें।

## कलेक्टर ने ली समाधान शिविर की तैयारी को लेकर बैठक

**महासमुंद,4 मई ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज जिला अधिकारियों की बैठक लेकर ÷सुशासन तिहार-2025÷ के तीसरे चरण की तैयारी की समीक्षा की । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री एस आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे। अनुविभाग एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे ।कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा।

जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत 8 व जनपद पंचायत अंतर्गत 41 शिविर आयोजित होगा।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार के संबंध में दी जानकारी

**गरियाबंद,4 मई।** कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रेस वार्ता में वर्तमान में चल रहे सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी दी। साथ ही 5 मई से जिले में होने वाले समाधान शिविरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 31 समाधान शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इनमें 25 ग्रामीण क्षेत्रों एवं 6 नगरीय निकायों में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जिले के पत्रकारों को समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में सहभागी बनने का आग्रह किया। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए. योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना, और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है।तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री जी, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री जी विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनो लाभ के बारे में फीड बैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे, जिसमे शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। गरियाबंद जिले में कुल 01 लाख 44 हजार 988 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 93 हजार 311 आवेदन निराकृत हो चुके है। शेष आवेदनों को तेजी से निराकृत किये जा रहे है। इस दौरान पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 05 मई से हो रही है. जो 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 08 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे।शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे, और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।



## शालाओं में दर्ज संख्या के आधार पर युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पारदर्शिता से समय में पूरी करें:कलेक्टर



**गरियाबंद,4 मई।** राज्य शासन द्वारा जिले के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों एवं शालाओं के युक्तियुक्तकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये गये है। इसी तारतम्य में कलेक्टर बीएस उइके ने जिले में संचालित शालाओं एवं अतिशेष शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण किए जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने आज कलेक्टर सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता एवं समय सीमा में पूर्ण की जाए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः पालन होना चाहिए। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया जिले में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में शामिल सभी अधिकारी युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक पूर्ण करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि प्रक्रिया के पूर्ण होने से शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी की समस्या लगभग खत्म हो जायेगी। बच्चों के अध्यापन हेतु सभी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होंगे। जिससे बच्चों की पढ़ाई स्तर में सुधार होगा। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शालाओं में दर्ज बच्चों की संख्या के आधार पर विद्यालयों की सूची तैयार करें। उन्होंने जिले में अतिशेष शिक्षकों की संख्या, शिक्षक विहीन शाला, एकल शिक्षक वाले विद्यालय की सूची भी समय सीमा में समिति को प्रस्तुत करने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, डीएमसी के एस नायक सहित सभी एसडीएम एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारीगण मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने उन्नत तकनीक से किये जा रहे मुर्गी एवं मच्छलीपालन तकनीक को प्रेरणादायक बताया



**गरियाबंद,4 मई।** महामहिम राज्यपाल रमेन डेका आज एक दिवसीय जिला प्रवास के तहत विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम सरगोड़ पहुंचे। उन्होंने गांव में आधुनिक ढंग से संचालित मुर्गी एवं मछली पालन केंद्र एस एस फॉर्म का निरीक्षण किया। राज्यपाल श्री डेका ने फॉर्म में उन्नत तकनीक एवं नई पद्धति से किये जा रहे मछली पालन, मुर्गी पालन एवं हैचरी का अवलोकन किया। उन्होंने फॉर्म में विकसित किये गए तालाब एवं बड़ी-बड़ी टंकियों में किये जा रहे मछली उत्पादन का विस्तृत जायजा लिया। राज्यपाल को फॉर्म के संचालक ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि तीन टन क्षमता के आठ टंकियों में मछली पालन किया जा रहा है। नई तकनीक में मछलियों को टंकियों में ही चारे एवं शुद्ध फिल्टर युक्त पानी प्रदान किया जाता है। जिससे मछलियों को विकास के लिए पर्याप्त शुद्ध पानी एवं पौष्टिक चारा मिल जाता है। इसके ऑक्सीजन एवं वॉटर सप्लाई के लिए अत्याधुनिक मशीने भी लगाई गई है। इन तकनीकों का उपयोग करके मछली का अधिक उत्पादन होता है। साथ ही मछली पालक संचालक को अधिक आमदनी भी होती है। राज्यपाल श्री डेका ने नई तकनीक से मछली पालन देखकर जिले के किसानों को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने मौके पर मौजूद मछली पालन विभाग के सहायक संचालक को नई तकनीक की जानकारी किसानों तक पहुंचाने एवं उन्हें उन्नत विधि से मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।

## शालात्यागी और अप्रवेशी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम अभियान प्रारंभ

**बीजापुर, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य स्कूल छोड़ चुके और अब तक स्कूल में नामांकित न हुए बच्चों की पहचान कर, उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। सामाजिक-आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित बच्चों को फिर से स्कूलों में लाना, उनका नामांकन सुनिश्चित करना, तथा उन्हें शैक्षणिक सहायता प्रदान करना इस पहल का मूल उद्देश्य है।अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा दूत, स्व-सहायता समूह की दीदियाँ, और शिक्षकगणों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। 1 मई को भैरमगढ़ में लगभग 453 प्रतिभागियों और 2 मई को बीजापुर में लगभग 230 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिक्षार्थ टीम द्वारा आयोजित इन सत्रों में प्रतिभागियों को सर्वेक्षण लेने की प्रक्रिया और उनकी ज़िम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया और एपीसी श्री ज़ाकिर खान ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल नामांकन का नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का अवसर है। उन्होंने सभी उपस्थितजनों से अपील की कि वे पूरे समर्पण और संवेदनशीलता के साथ इस कार्य को अंजाम दें।आगामी दो दिनों में शिक्षार्थ टीम उसूर और भोपालपट्टनम विकासखंडों में भी इसी प्रकार के प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेगी, ताकि यह अभियान जिले के सभी क्षेत्रों में समान रूप से प्रभावी रूप से लागू हो सके।यह पहल स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाते हुए बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। बीजापुर जैसे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्र में, जहाँ शैक्षिक पहुंच सीमित है, वहाँ यह अभियान साक्षरता दर बढ़ाने और शिक्षा के अधिकार को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

जिला प्रशासन और शिक्षार्थ टीम इस अभियान को अधिक प्रभावशाली एवं समावेशी बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। यह पहल न केवल बच्चों को एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करेगी, बल्कि जिले की समग्र शैक्षिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाएगी।

## फलबहार की नीलामी 9 मई को इच्छुक व्यापारी नीलामी में शामिल हो सकते है

**बीजापुर, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहायक संचालक उद्यान जिला बीजापुर से मिली जानकारी अनुसार वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी शासकीय उद्यान रोपणी पेगड़ापल्ली भोपालपटनम में आम ,नींबू फल बहार वर्ष 2025-26 की नीलामी 09 मई दिन शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक शासकीय उद्यान रोपणी पेगड़ापल्ली भोपालपटनम में किया जाएगा। इच्छुक व्यापारी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्तें एवं नियम कार्यालयीन समय पर अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला बीजापुर के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।आम के लिए न्यूनतम बोली 17000 सत्रह हजार रुपए एवं नींबू के लिए 4000 चार हजार रुपए निर्धारित है।

## फलबहार की नीलामी 8 मई को इच्छुक व्यापारी नीलामी में शामिल हो सकते है

**बीजापुर, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहायक संचालक उद्यान जिला बीजापुर से मिली जानकारी अनुसार वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी शासकीय उद्यान रोपणी पामलवाया बीजापुर में आम, कटहल , चीकू एवं नारियल फल बहार वर्ष 2025-26 की नीलामी 08मई दिन गुरुवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक शासकीय उद्यान रोपणी पामलवाया बीजापुर में किया जाएगा। इच्छुक व्यापारी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्तें एवं नियम कार्यालयीन समय पर अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला बीजापुर के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।आम के लिए न्यूनतम बोली-1,50,000 एक लाख पचास हजार रुपए। कटहल के लिए 15,000 पन्द्रह हजार। चीकू के लिए 16,000 सोलह हजार रुपए एवं नारियल के लिए 17,000 सत्रह हजार रुपए निर्धारित किया गया है।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत जिला समन्वयक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत स्वीकृत रिक्त पद जिला समन्वयक के 01 पद हेतु निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से 30 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया। इच्छुक आवेदक 30 मई 2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर के नाम से आवेदन भेज सकते है। व्यक्तिगत, सीधे अथवा ईमेल या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। भर्ती संबंधी शैक्षणिक योग्यता, आयुसीमा, सहित सभी प्रकार के नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी बीजापुर जिले के वेबसाइट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

# जल जीवन मिशन का काम देखने टेमटेमा पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़, 4 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी आज खरसिया विकासखंड में विकास कार्यों के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव साथ रहे।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने टेमटेमा गांव में जल जीवन मिशन के तहत ओवर हेड टैंक निर्माण व पाइप लाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यहां जल जीवन मिशन का काम पूरा हो चुका है और ट्रायल फेस चल रहा है। यह पूरा होने के पश्चात ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने हितग्राहियों के घरों तक पानी सप्लाई के बारे में जानकारी ली, बताया गया कि नल से जल आपूर्ति हो रही है। उन्होंने ट्रायल पूरा कर संचालन पंचायत को हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने गांव में पीएम आवास हितग्राही मांगमती सिदार के घर पहुंचे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने हितग्राही से आवास निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अब तक प्राप्त किश्त और निर्माण कार्य में किसी प्रकार की समस्या के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आवास निर्माण को लेकर लगातार फील्ड मॉनिटरिंग करें।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने चोढ़ा स्थित पूर्व एकलव्य विद्यालय और आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। वर्तमान में नए भवन के साथ यह संस्था छर्राटांगर में संचालित है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने इस भवन का उपयोग किसी अन्य संस्थान के लिए करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यहां निर्माणाधीन पोस्ट मैट्रिक छात्रावास भवनों का भी जायजा लिया। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने निरीक्षण के दौरान खरसिया से छाल सड़क निर्माण का मुआयना किया। उन्होंने इस रोड पर पूर्ण हो चुके और लंबित कार्य की जानकारी ली और काम कर रहे ठेकेदार को काम की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी काम करने के लिए अनुकूल मौसम है इसका लाभ लेते हुए निर्माण कार्य जल्द पूरा करें।

इस दौरान एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, तहसीलदार श्री लोमस मिरी, सीईओ जनपद पंचायत श्री पवन पटेल, बीएमओ श्री अभिषेक पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा



कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने चपले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सभी वार्डों, लैब, एक्स-रे रूम के साथ ओपीडी और आईपीडी का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में होने वाली संस्थागत प्रसव और रेफरल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अधिकतम संस्थागत प्रसव के लक्ष्य के साथ कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने बीएमओ से स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने आवश्यक संसाधनों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही टेमटेमा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर यहां मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीणों के लिए ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधा केंद्र है इसका संचालन अच्छे से हो। यहां उपचार के लिए आवश्यक दवाई और संसाधनों की व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग कर विभाग द्वारा पूर्ति की जाए।

## महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए जिला प्रशासन सजग

**रायगढ़, 4 मई।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध में जिला प्रशासन सजग है। ऐसे सभी विभाग, संगठन, उपक्रम, प्रतिष्ठान, उद्यम, संस्थान, कार्यालय, शाखा अथवा इकाई जो प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सरकार/स्थानीय प्राधिकरण/सरकारी कम्पनी/निगम/सहकारी सोसाइटी द्वारा प्रदत्त निधियों द्वारा स्थापित, स्वामित्वाधीन, नियंत्रणाधीन अथवा वित्त पोषित हो। निजी क्षेत्र का संगठन, उपक्रम, उद्यम संस्थान, प्रतिष्ठान, सोसाईटी, न्यास, गैर-शासकीय संगठन, इकाई अथवा सेवा प्रदाता जो वाणिज्यिक, व्यावसायिक, शैक्षिक, मनोरंजन, औद्योगिक, स्वास्थ्य सेवाएं अथवा वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो जिसमें उत्पादन, आपूर्ति, विक्रय, वितरण, अस्पताल अथवा नर्सिंग होम, खेलकूद का संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, प्रतियोगिता अथवा खेल का स्थान आदि निजी क्षेत्र जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है ।

# सीमेंट संयत्रों के जल स्रोतों की होगी जिओ टैगिंग:कलेक्टर

■ कलेक्टर ने सीमेंट सयंत्रों के यूनिट हेड्स की बैठक लेकर जल संचयन कार्यो की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाज़ार, 04 मई।** मोर गाँव,मोर पानी महाभियान के तहत कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने संपर्क केंद्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में स्थित सीमेंट संयंत्रों की टाउनशिप में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता गड्ढा निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सीमेंट संयंत्रों के प्रभावित ग्राम पंचायतों में पेयजल और निस्तारी हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने सभी सीमेंट संयंत्रों के जल स्त्रोतों की जिओ टैगिंग कराने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी संयंत्रों को निर्देशित किया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित जल उपयोगिता समिति के निर्देशानुसार कार्य कार्य सम्पादित करें।

बैठक में उपस्थित सीमेंट संयंत्रों के यूनिट हेड्स ने जानकारी दी कि टैंकरों के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही सीमेंट प्रबंधन द्वारा संयंत्रों के माइनिंग पिट में उपलब्ध पानी द्वारा सबंधित ग्राम पंचायतों के तालाबों में वाटर रिचार्ज का कार्य किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को निस्तारी हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके। इसके अलावा पर्याप्त जल उपलब्धता वाले नहरों में पाइप लाइन लगाकर ग्रामीणों को जल प्रदाय किया जा रहा है ।कलेक्टर श्री सोनी ने इन कार्यों की सराहना की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल,सभी एसडीएम,खनिज ,उद्योग एवं जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों सहित जिले के सभी 8 सीमेंट संयंत्रों के यूनिट हेड शामिल हुए।

# गृहमंत्री का पीए बनकर फोन करने वाले को किया गया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बेमेतरा, 4 मई।** प्रार्थी इंद्रजीत मिरी मैनेजर ग्राम दतरेंगी रेत खदान द्वारा थाना गिधपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 30.04.2025 के सुबह 11-38 बजे प्रार्थी के मोबाइल नंबर पर एक आरोपी द्वारा फोन किया गया एवं अपने आप को माननीय गृह मंत्री महोदय छ.ग.शासन श्री विजय शर्मा का पीए नमन कुमार बताया गया। आरोपी द्वारा स्वयं को एचएम हाउस रायपुर से बोल रहा हूं, बोलते हुए प्रार्थी को ग्राम दतरेंगी में अवैध रेत खनन करवाते हो, हाईवा से रेत लोड करते हो आदि बातें बोलकर धमकाया गया एवं कार्यवाही करने की बात बोलकर धमकी दिया गया। की प्रकरण में थाना गिधपुरी में आरोपी के विरुद्ध धारा 319 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मामले के संबंध में तत्काल जांच तस्दीक कर, छानबीन करने हेतु निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा प्रार्थी के मोबाइल पर कॉल किए गए मोबाइल नंबर का पता तलाश करते हुए आरोपी अमन कुमार कोसले को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा स्वयं को माननीय गृह मंत्री महोदय का पीए होने का प्रतिरूपेण कर साक्षी को धमकी देना स्वीकार किया गया।

## एक नजर

### छात्रावास के लिए भवन किराए पर देने आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव 04 मई।** जिला मुख्यालय राजनांदगांव में संचालित 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर कौरिनभाठा राजनांदगांव का संचालन हेतु सुविधायुक्त किराये के भवन की आवश्यकता है। भवन को किराए पर देने के लिए इच्छुक निजी भवन मालिक 13 मई 2025 तक कार्यालयीन समयावधि में जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में विभागीय उप अभियंता से सम्पर्क कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### सुदर्शन पहाड़ पर दिखा तेंदुआ, शहर में मचा हड़कंप

**डोंगरगढ, 04 मई।** शहर के प्रसिद्ध सुदर्शन पहाड़ पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने एक तेंदुए को पहाड़ की ढलानों पर खुलेआम घूमते हुए देखा। पहले-पहल लोगों ने इसे अफवाह मानकर नजरअंदाज किया, लेकिन जब तेंदुए की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे, तो यह स्पष्ट हो गया कि एक जंगली तेंदुआ अब शहर की सरहदों तक पहुंच चुका है। सुदर्शन पहाड़ का इलाका कभी घने जंगल और जैव विविधता के लिए जाना जाता था, लेकिन अब इसके आसपास सरकारी कॉलोनियां, अफसरों के आवास और आम नागरिकों की बस्तियां बस चुकी हैं। वन्यजीव का इस क्षेत्र में दिखाई देना शहर और जंगल के बीच बढ़ते संघर्ष का संकेत माना जा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके में पिंजरे लगाए, रेस्क्यू टीमें तैनात की गईं और प्रभावित क्षेत्र को घेर लिया गया है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे क्षेत्र में सावधानी बरतें और किसी भी प्रकार की गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें। यह घटना केवल एक वन्यजीव की आमद नहीं, बल्कि मानव विस्तार और प्राकृतिक आवासों के क्षरण का परिणाम है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार हो रहे शहरीकरण और जंगलों की कटाई के चलते जंगली जानवरों का मानव बस्तियों की ओर आना अब आम होता जा रहा है।

### जल संरक्षण सप्ताह मनाया गया

**कोरबा 04 मई।** गवर्नमेंट हाई स्कूल बुंदेली में जल संरक्षण सप्ताह मनाया गया। इसके तहत छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली, मेहंदी, निबंध, चित्रकला, संगोष्ठी का आयोजन करने के साथ ही सोख्ता गड्ढा का जीर्णोद्धार कराया गया। विद्यालय के छात्रों ने जल श्रोत का अध्ययन करने के लिए ग्राम दईहानभाठा में स्थित स्टाप डैम का भ्रमण किया। इस दौरान हाई स्कूल व मिडिल स्कूल बुंदेली के छात्र-छात्राएं भ्रमण में शामिल रहे। इन छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की जानकारी इको क्लब की प्रभारी योगिता कंवर ने दी। उन्होंने बताया कि घर में जल रिसाव को ठीक करें। आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करें। प्राचार्य अनीता ओहरी ने कहा कि जल का उपयोग कम करने से घरों, व्यवसायों, खेतों और समुदायों तक जल पहुंचाने और उसे तैयार करने के लिए आवश्यक ऊर्जा कम हो जाती है। जिससे प्रदूषण कम करने और ईंधन संसाधनों को संरक्षित करने में मदद मिलती है।

### कोयला कर्मियों के भत्ते में कटौती

**कोरबा 04 मई।** कोल इंडिया की ओर से चालू तिमाही में इंडस्ट्रीयल डीए (आईडीए) को लेकर जारी पत्र के अनुसार अस्थायी महंगाई भत्ता में कमी की गई। इससे कोयला अधिकारियों के वेतन में न्यूनतम पांच सौ से दो हजार रुपए तक कमी आएगी। 1 अप्रैल से जून तक प्रभावी होगा। इस तिमाही कोयला अधिकारियों को बेसिक का 48.7 महंगाई भत्ता मिलेगा। इसके पूर्व की तिमाही में 49.6 प्रतिशत था, यानी .9 प्रतिशत की कमी हुई है। महंगाई इंडेक्स के अनुसार इसमें हर तिमाही में परिवर्तन होता है। इससे पांच सौ से 2000 रुपए की कमी वेतन में होगी। औसतन देखें तो हजार रुपए की कमी होगी।

### तृतीय चरण अंतर्गत 5 मई से शुरू होगा समाधान शिविर, जिले में तैयारी पूरी

# जिले से 2,39006 आवेदन मिले, 1 लाख 79 हजार का हुआ निराकरण:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 4 मई।** प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जिले से अब तक 239006 आवेदन प्राप्त हुए है। इन आवेदनो का गुणवापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं सकारात्मक निरकारण किया जा रहा है अब तक करीब 1लाख 79 हजार आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। 5 मई 2025 से शुरू हो रहे तृतीय चरण अंतर्गत समाधान शिविर आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेश में.सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्यवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 77 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगरीय निकाय अंतर्गत 27 व जनपद पंचायत अंतर्गत 50 शिविर आयोजित होगा। इनमें नगर पालिका बलौदाबाजार में 4 एवं नगर पालिका भाटापारा में 5 शिविर, नगर पालिका सिमगा, नगर पंचायत पलारी, कसडोल, रोहांसी, लवन और टुण्डडरा में 3-3 समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह प्रत्येक जनपद पंचायत के 10- 10 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन होगा। शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे और योजना के तहत सामग्री वितरित की जाएगी।उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल 2 लाख 39 हजार 6 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग आधारित 2 लाख 33 हजार 745 एवं शिकायत से संबंधित 5261आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के एक लाख 77 हजार 601आवेदन एवं शिकायत के 1888 आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के मांग से संबंधित है जो करीब 63 हजार है। इसके साथ ही राशन कार्ड, महतारी वंदन, एवं राजस्थान विभाग से सम्बधित अधिक आवेदन है। कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी, उपमुख्यमंत्री , मंत्रीगण, सांसद,विधायकगण स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी।

# सुशासन तिहार: 5 मई से शुरू होगा समाधान शिविर

■ पहले दिन प्रत्येक विकासखंड के एक - एक ग्राम पंचायत में होगा शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 मई।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तीसरा चरण 5 मई 2025 से शुरू हो रहा है जिसमें जिले के 5 विकासखंडो में प्रत्येक विकासखण्ड में 10 -10 कुल 50 स्थानों पर समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक आयोजित होंगे।

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। समाधान शिविर के पहले दिन 5 मई 2025 को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत मरदा में आयोजित होने वाले शिविर में क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीडीह, चंगोरी, कोयदा, सिंघरी, सीरियाडीह, तिल्दा, बाजारभाठा, सुनसुनीया, लाटा और परसापाली के निवासी शामिल होंगे। इसीतरह विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी शिविर में ग्राम पंचायत दतरेंगा, दतरेंगी, देवरी, खोलवा, सेमरियाघाट, सूमा, सूरजपुरा,टेहका और कैथी के ग्रामवासी शामिल होंगे। विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत केशली शिविर में ग्राम पंचायत भैंसा, थोथा,हथबंध, केशली, खिलोरा, नेवधा, संकरी, सितापार, उड़ेला, करेली और पौंसरी के निवासी शामिल होंगे।

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमी शिविर में ग्राम पंचायत बालोदी कौड़िया, कुकदा, कुसमी, तिपावन, घोंटिया, पठारीडीह, लकडिया, नवागांव और जंगलोर के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्वा शिविर में ग्राम पंचायत बैजनाथ, छेछर, झबड़ी,कटगी, खैरा, मडकड़ा, मलदा, साबर,सर्वा, सेल और भदरा के निवासी शामिल होंगे।

# स्टेशनपारा, पटरीपार में पानी की समस्या को ले कर चक्का जाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 4 मई।** पटरी पार लगातार हो रही जलप्रदाय की समस्या को ले कर राजनांदगांव के पटरी पार की जनता का आक्रोश फूटा है गौरतलब है कि बहुत समय से क्षेत्र की जनता पानी की भीषण समस्या से जूझ रही है उक्त मांग को ले कर आज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं व बड़ी संख्या में जनता की उपस्थिति में लगभग एक घंटे तक चक्का जाम किया क्षेत्रवासी अपनी मांगो पर अड़े रहे व उच्च अधिकारी से मिलने की मांग लगातार करते रहे सीएसपी सहित चिखली चौकी प्रभारी भी उक्त मौके पर मौजूद रहे साथ अन्य पुलिस अधिकारी भी थे नगर निगम ई ई यू के रामटेके सहित जल विभाग प्रभारी उप अभियंता गरिमा वर्मा ने भी पहुंच कर सभी से बात करने का प्रयास किया लेकिन सभी ने एक स्वर में निगम आयुक्त को बुलवाने की बात कही जिसके बाद लगभग एक घंटे चक्का जाम चलने के बाद आयुक्त ने पहुंच कर आज से सुचारू रूप से पानी देने का आश्वासन दिया है साथ ही एक सक्षम अधिकारी की ड्यूटी लगाने की बात कही है गली गली यह देखने की कही कोई परेशानी तो नहीं है उक्त आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। आसिफ अली ने बताया कि स्टेशन पारा, चिखली, रामनगर में पानी की समस्या बढ़ गई है पूर्व में कई बार ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया गया था।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग को अहमदाबाद से किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव, 4 मई।** प्रार्थी रूपेश साहू संचालक च्वाईस सेंटर स्टेशन रोड निवासी लखोली राजनांदगांव ने थाना सिटी कोतवाली राजनांगदगांव में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके बैंक ऑफ बड़ोदा स्थित बैंक खाता में दिनांक 22.12.2024 को राजनांदगांव निवासी आशुतोष शर्मा के द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक कही से ठगी गई रकम कुल 90000/- रूपये को मंगाने से प्रार्थी का उक्त बैंक खाता फ्रीज हो गया है। प्रार्थी की सूचना पर आरोपी आशुतोष शर्मा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 33/25 धारा 318(4) बीएनएस, 66(सी) आई.टी. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। वर्तमान में बढ़ रहे सायबर अपराधों में म्यूल बैंक एकाउण्ट के उपयोग को देखते हुए कड़ी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री रामेन्द्र सिंह एवं प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक श्री विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश करने हेतु टीम गठित किया गया।

# ब्रह्माकुमारीज ने किया श्रमिकों का सम्मान

**राजनांदगांव , 04 मई।** किसी भी देश के नवनिर्माण में श्रमसाधक कर्मयोगी श्रमिक भाई बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है । इनके श्रम के बगैर हम किसी भी राष्ट्र के उत्थान की कल्पना भी नहीं कर सकते है । छोटे से झोपडी से लेकर बड़ी बड़ी अट्टालिकाओं के साथ विभिन्न निर्माण कार्यो को सम्पन्न करने का कार्य श्रमिकों के द्वारा ही किया जाता है । यह उदगार सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने ज्ञान मानसरोवर में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में व्यक्त किया। आदरणीय पुष्पा दीदी जी ने आगे कहा कि श्रमिक भाई बहने अपने व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय निकालकर परमपिता परमात्मा को अवश्य याद करे इससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और दैनिक कार्य में परमात्मा की मदद मिलेगी । दीदी जी सबको राजयोग मेडिटेशन द्वारा शांति की गहन अनुभूति भी कराई। ज्ञातव्य है कि 3 मई को ब्रह्मकुमारीज ज्ञान मानसरोवर में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था । इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित इंजीनियर भ्राता तरुण साहू जी ने सभी श्रमिक भाई बहनों को शुभकामनाएं दी । दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई । श्रमिक भाई बहनों के सम्मान में कुमारी मान्या ने बहुत सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया तथा किशोर भाई ने स्वागत गीत गाया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार झालम भाई ने तथा आभार प्रदर्शन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार रूपेश्वर भाई , कमलेश भाई , अमर दास भाई , प्यारे लाल भाई , मनीष भाई , दीपक शर्मा जी , उज्जवल भाई , दीपक कारपेंटर जी , टीकम भाई सहित अनेक श्रमिक भाई बहने उपस्थित थे।

# पीएम श्री स्कूल कसडोल का परीक्षा परिणाम घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 04 मई।** नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम दिनांक 30/04/2025 को जारी किया गया। जिसमें स्कूल परीक्षा परिणाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन के साथ शुरू किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेशशंकर साहू, सदस्य अभिजीत श्रीवास, पालक गण और कसडोल के प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष ने सभी बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज आप सभी को आपके मेहनत का फल मिल रहा है ! इसी तरह से आप सभी खूब पढ़ाई करे और अपने माता पिता और स्कूल का नाम रौशन करे । आप जितना शिक्षा में समय देंगे उतना ही आपका भविष्य उज्जवल होंगे। आपको बता दें कि पीएमश्री स्कूल में कक्षा पहली से लेकर ग्यारहवीं तक के कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। साथ ही कक्षा पांचवी और आठवी बोर्ड परीक्षा परिणाम बच्चो को दिखाया गया है। इस बार भी पीएम पीएमश्री स्कूल का परीक्षा परिणाम 100% रहा है। जिसमें कक्षा पहली में प्रथम स्थान आरोही किशोर 98.8त्न द्वितीय स्थान शालिनी कश्यप 98 त्नतृतीय स्थान खुशांश साहू 96%, कक्षा दूसरी में प्रथम युतिका पैकरा 98.85 % द्वितीय धनश्री शुक्ला 97.14% तृतीय खेमन केवट 99.95% कक्षा तीसरी में प्रथम सुनिधि निषाद 96.42% द्वितीय धृति साहू 90.57 त्नतृतीय केशवी पटेल 90.42 त्नकक्षा चौथी में प्रथम पूर्वेश साहू 98.71% द्वितीय पीहुल पैकरा 98.42 त्नतृतीय फ़ियांशी यादव 92.14% कक्षा छठवीं में प्रथम हर्ष कुमार यादव 99.14% द्वितीय रुद्राकांत साहू 96.57 त्नतृतीय अभिषेक साहू 85.33% कक्षा सातवीं अ में त्रिवेणी साहू 95.3 त्नद्वितीय वोशी चंद्राकर 94.3 त्नतृतीय हंसिका साहू 91.2त्न कक्षा सातवीं ब में प्रथम लिसा साहू 96 त्नद्वितीय विभा खांडेकर 95.42% तृतीय निधिराज पटेल 92.57% कक्षा नवमी अ में प्रथम माधवी पटेल 95% द्वितीय आशी साहू 92 तृतीय आंचल केवट 90.1% कक्षा नवमी ब में भूमि साहू 92.66% द्वितीय शौर्य साहू 89% तृतीय दीप्ति निषाद 88.6% कक्षा ग्यारहवीं गणित में प्रथम निधि साहू 92.2% द्वितीय लक्ष्य देवांगन 84.2 त्नतृतीय रिशांत साहू 83% ग्यारहवीं विज्ञान में प्रथम योगेश कुमार साहू 93.4% द्वितीय निधी साहू 85.8त्न तृतीय छाया साहू 81.6त्न रही हैं। इसी प्रकार हिंदी माध्यम में कक्षा नवमी प्रथम सूरज साहू 93.33%, द्वितीय धानी कुर्रे 89.5%,तृतीय किशोर 88%, कक्षा ग्यारहवीं प्रथम गणेश पटेल 90.2% कला,द्वितीय देवचरण पटेल कला, 78.4%, तृतीय नीलेश 72.4% कला।


न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

## ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202505230300007/ 168/ अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुमीत कौर सलूजा पति बलमीत सिंह निवासी बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम / नगर बेमेतरा प.ह.नं. 22 तहसील व जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1213/11 रकबा 0.044 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बाबत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प, की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.05.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बेमेतरा, जिला बेमेतरा**


# कत्ल 2 के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिरवे स्थित कान्हा राइस मील के पीछे शुक्लाभाठा सिरवे खार में दिया था हत्या की घटना को अंजाम।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 4 मई।** थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिरवे स्थित कान्हा राईस मील के पीछे शुक्लाभाठा सिरवे खार में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है, कि सूचना पर थाना तिल्दा नेवरा एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा घटना स्थल जाकर देखने पर पाया गया कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था तथा उसके चेहरा व सिर भाग में चोट लगने से खून निकलकर सूख गया था एवं वहीं पर पड़े सीमेंट पोल का टुकड़ा में भी खून लगा था। प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा मृतक के सिर चेहरा में वार कर मार कर गंभीर चोट पहुंचा कर उसकी हत्या कर दिया गया था। अंधे कत्ल की घटना को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा श्री वीरेन्द्र चतुर्वेदी, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात मृतक के संबंध में पतासाजी करते हुये आसपास के लोगों व ग्रामों में पूछताछ कर मृतक की पहचान गोविंदा पाण्डेय पिता कृष्णा पाण्डेय उम्र 24 साल निवासी बसंतपुर नवागांव पेण्ड्रा जिला गौरेला पेण्ड्रा मारवाही। हाल पता - कान्हा राईस मील का निर्माणाधीन गोदाम ग्राम घुलघुल थाना तिल्दा नेवरा रायपुर के रूप किया गया, जो ग्राम घुलघुल स्थित कान्हा राईस मील का निर्माणाधीन गोदाम का चौकीदार था। टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में घटना स्थल के आसपास, निर्माणाधीन गोदाम में कार्य करने वाले लोगों सहित आसपास स्थित ग्रामवासियों से पूछताछ करते हुये अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाकर अज्ञात आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा घटना में संलिप्त आरोपी ग्राम तुलसी नेववरा निवासी चन्द्रकामता भारती उर्फ कामता भारती, बिमलेश यादव एवं विधि के साथ संघर्षरत 02 बालक को पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर चारों के द्वारा हत्या की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।


## नाम परिवर्तन

मैं परमेश्वरी पति पवन कुमार तारम जाति हल्बा झीकाटोला तह. डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) की निवासी हूं।

मेरा आधार कार्ड प्रदान किया गया था जिसमें मेरा नाम पवन बाई दर्ज हो गया जो कि त्रुटि हो गया है।

मेरे मतदाता परिचय पत्र प्रदान किया गया था जिसमें मेरा नाम परमेश्वरी दर्ज है जो कि सत्य एवं सही हैं।

मेरा नाम परमेश्वरी दर्ज करवाना चाहती हूँ अब परमेश्वरी के नाम से जानी व पुकारी जाती हूं।

मुझे परमेश्वरी दर्ज करवाने के लिए इस प्रकार की शपथ की आवश्यकता हुई।

**परमेश्वरी**
**शपथकर्ता**

# दुआ करो की सलामत रहे मेरी हिम्मत, ये इक चिराग कई आंधियों पे भारी है




भारतमाला प्रोजेक्ट मुआ वजा घोटाला रोका जा सकता था पर उस समय पदस्थ रायपुर के कलेक्टरों ने शिकायतों की जाँचकरने में रुचि नहीं दिखाई !उसका कारण क्या था इसकी जाँच ईओडब्लू कर रही है।सूत्रों की मानें तो इस मुआवजा मामले में अफसर, जमीन दलालों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जासकता है।ज़ब भारतमाला प्रोजेक्ट शुरू हुआ तब रायपुर के कलेक्टर एस.भारतीदासन, सौरभ कुमार, डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे की पदस्थापना रही।सूत्र कहते हैं कि तीनों कलेक्टरों के पास विभिन्न स्तरों पर शिकायतें पहुंची थी पर ये शिकायतों पर उदासीन ही रहे,जाँच कराने कोई पहल ही नहीं की,सूत्र यह भी कहते हैं कि भूपेश सरकार के राजस्व मंत्री ने कलेक्टर को इस घोटाला मामले की शिकायत मिलने पर जाँच के निर्देश भी दिये थे,पर कोई जाँच नहीं हुई.. कहा जाता है कि जमीन दलाल,एक सराफा व्यापारी सेआईएएस के मधुर संबंधों की भी चर्चा अभी भी हो रही है,खैर ईओडब्लू इस मामले की तह पर जाकर अफसरों,जमीन दलालों, सराफा व्यापारी की मिली भगत की जाँच कर रही है..?

### नक्सलवाद का खात्मा.! अब पत्थरगढ़ी के पीछे कौन

एक तरफ छत्तीसगढ़ खास तौर पर बस्तर मेंनक्सलवाद के खात्मे के लिये निर्णायक लड़ाई जारी हैं,वहीँ अब 'पत्थरगढ़ी' की चर्चा तेज है। दरअसल पत्थरगढ़ी की आड़ में राजनीति का एक नया दांव खेला जा रहा है। ग्रामसभा की ताकत के सहारे कुछ जगह पत्थरगढ़ी को महिमा मंडित करते हुए संविधान की पांचवी अनु सूची की नई व्याख्या की जा रही है।भोले-भालेआदि वासी संविधान कीपरिभाषा तो नहीं जानते हैं पर उनके मानस पटल में कुछ लोगों द्वारा नया संविधान लिखने का कुचक्र रचा जा रहा है। हो सकता है कि 'पत्थरगढ़ी' करना आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत हो लेकिन इन्हीं घटनाओं को लेकर राजनीति का नया दांव खेलने का प्रयास शुरू हो गया है। संविधान की पांचवीअनुसूची केअनुच्छेद 244 (1) अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचितजनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण के अधिकार का कानून है। अनुसूचित क्षेत्र (शेड्यूल टाइव एरिया) में पारंपरिक 'ग्राम सभा' का अपना नियं त्रण और प्रशासन होता है। पांचवी अनुसूची क्षेत्र में आदिवासियों के बीच नियं त्रण एवं प्रशासन के लिए पी-पेसा या पेसा कानून 1996 की धारा 40 के तहत स्वायत्तशासी परिषद नियमावली राज्य शासन को बनाना था जो विधि सम्मत था पर आज तक इसे लागू नहीं किया गया। आदिवासी क्षेत्रों में शांति, सुशासन के लिए अपवादों उपांतरणों के अधीन रहते हुए 'ग्राम सभा' को सारे अधिकार दिया जाना था, आदिवासी क्षेत्रों में जिस तरह उद्योगपतियों को आमं त्रित किया जा रहा है उससे भी आक्रोश है। छग सहित कुछ अनुसूचित जनजाति राज्यों में एक लाख एकड़ से भीअधिक आदिवासी क्षेत्रों की जमीन का अधि ग्रहण किया जाना है,सवाल फिर उठ रहा है, जब कोई अनुसूचित क्षेत्र की जमीन अधिग्रहण नहीं कर सकता तो फिर कैसे बाहरी उद्योग पतियों को जमीन मुहैया कराई जा रही है,आदि वासियों की समस्याएं है, उन्हें कुछ लोगों के बहकावे में आकर पत्थरगढ़ी जैसा कदम सीधे-सीधे भी नहीं उठाना चाहिए, सरकार को भी आदिवासियों की सम स्याओं पर गंभीरता से चिंतन करना चाहिए। ज्ञात रहे कि कुछ आदिवासीगांव में कुछ लोग पत्थर गड़ाकर अपनी गांव की सीमा तय कर रहे हैं और ग्रामीणों को उकसा रहे हैं कि उनकीअनु मति के बिना शासन- प्रशा सन, पुलिस और बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकता है।

### महादेव घाट में बनेगा भव्य कॉरीडोर

राजधानी के प्रसिद्ध महा देव घाट के शिव मंदिर, खारून नदी के तट, मंदिर के पीछे भव्य कॉरिडोर बनाया जाएगा। कॉरिडोर उज्जैन के महाकाल कॉरि डोर की तर्ज पर होगा,केंद्र की आध्यात्मिक पर्यटन नीति के अंतर्गत रायपुर में खारून नदी के किनारे हाट केश्वर मन्दिर के पास घाटों का निर्माण,सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। हाटकेश्वर को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है।आध्यात्मिक पर्यटन विकास के मद्देनजर यह सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। जिसके बाद छत्ती सगढ़ भी विश्व आध्यात्मिक पर्यटन मानचित्र में और अच्छे ढंग से अंकित हो जाएगा। सौन्दर्यीकरण योजना का ऐलान राज्य सरकार की तरफ से किया गया है। यह प्रोजेक्ट छग लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया जाएगामहादेव कॉरिडोर के लिए आसपास की जो दुकानें हैं,उसको भी व्यवस्थित किया जाएगा, विधायक,पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर को पर्यटन के तौर पर विक सित किया जा रहा है, इस के लिए महादेव कॉरिडोर अहम साबित होगा, लंबे समय से इसकी तैयारी चल रही थी।महादेवघाट रायपुर का महत्वपूर्ण स्थान है, इस लिए पर्यटन स्थल बनेगा तो पर्यटन को निश्चित तौर पर एक नई दिशा मिलेगी।

### और अब बस

- » छग के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सलियों से कोई शांतिवार्ता नहीं होगी, उन्होंने मध्यस्थता करने वालों पर भी सवाल उठाए, कहा कि ये कौन लोग हैं जो नक्सलियों को मरता देख शांतिवार्ता करने आए हैं!
- » मुख्य निर्वाचन पदाधि कारी रीना बाबा साहेब की अब मंत्रालय वापसी हो गई है।
- » छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने वक्फ संपत्तियों का किराया ऑनलाइन वसूलने अनूठी पहल शुरू की है। जिसका मकसद मस्जिदों, मुस्लिम बंदोबस्तों के प्रबंधन को पारदर्शी,आधुनिक बनाना है।
- » नगरनिगम रायपुर में नेता प्रतिपक्ष बदलने पर कांग्रेस के जीते 7 वार्ड मेंबरों में 5 ने इस्तीफा दे दिया है।

## एक नजर

### पहलगाम हमले में दिवंगतों को श्रद्धांजलि



**रायपुर, 4 मई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश दुखित है। सभी इस कायरतापूर्ण हुई घटना के लिए आक्रोशित हैं । शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के सदस्यों द्वारा हमले में मृत 26 लोगों के लिए बापू की कुटिया कलेक्टर परिसर गार्डन में शांति पाठ और मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ईश्वर से सभी की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की गई । संस्था की सरकार से अपील है दोषियों को फांसी की सजा मिले। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष स्मिता सिंह,पदमा घोष,हासी बैनर्जी, सुधा दीक्षित, आरती साठे और वैभव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने नया एप

**रायपुर, 4 मई।** देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने अपने मोबाइल ऐप ओपन पर एक अभिनव सुविधा 'इन-ऐप मोबाइल ओटीपी' पेश की है। उद्योग में पहली बार शुरू की गई इस सुविधा का उद्देश्य ओटीपी वन-टाइम पासवर्ड से जुड़ी धोखाधड़ी और घोटालों से ग्राहकों की सुरक्षा करना और प्रमाणीकरण सुरक्षा को मजबूत करना है। यह सुविधा एसएमएस के ज़रिए ओटीपी भेजने की बजाय ऐप के भीतर ही टाइम-बेस्ड वन-टाइम पासवर्ड जनरेट करती है, जिससे टेलिकॉम नेटवर्क पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। इससे प्रमाणीकरण तेज़, सुरक्षित और धोखाधड़ी के जोखिम को काफी हद तक कम करता है। यह मोबाइल ओटीपी सुविधा बैंक की समग्र धोखाधड़ी सुरक्षा योजना का हिस्सा है, जिसके तहत बैंक देश का सबसे सुरक्षित बैंक बनने के लिए कई नए कदम उठा रहा है।

### विप्रजनों ने किया छाछ व लस्सी का वितरण



**रायपुर, 04 मई।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सुधीर चौबे के नेतृत्व में शंकर नगर विप्र जन द्वारा भगवान परशुराम आरती कर छाछ, लस्सी मिठाई वितरण किया गया इस अवसर पर वार्ड के पार्षद राजेश गुप्ता,गुणोनिधी मिश्रा,दिनेश शुक्ला, सौरभ तिवारी,वीरमणि चौबे, मनोज पाण्डेय,प्रभात मिश्रा, रमेश शुक्ला,मिश्रा राजू उंम्बरकर दिवाकर, पांडा,एस.पी.पाणिग्रही, आर.बी.मिश्रा, मुकेश तिवारी, लव शुक्ला, ओ.पी.शार्मा, विजय दुबे, सतिश तिवारी संजय कश्यप, अरूण विश्वास, दीपक साहू, टीकम साहू, प्रेमा साहू, शंभू ठाकुर, साहिल यादव जे.एल.महानंद, अनुज चौबे उपस्थित रहे।

### कारोबारी के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा

**रायपुर, 4 मई।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कारोबारी के सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। टाइल्स कारोबारी मोहम्मद इब्राहिम अपने परिवार के साथ शादी अटेंड करने नागपुर गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने सूने मकान में धावा बोल दिया। चांदी के हार और कंगन समेत कैश पार कर चोर फरार हो गए। कारोबारी ने रायपुर लौटकर थाने में चोरी की रिपोर्ट लिखाई है। जानकारी के मुताबिक, शंकरनगर निवासी मोहम्मद इब्राहिम का पचपेड़ी नाका में टाइल्स का कारोबार है। वे अपने परिवार के साथ 24 से 29 अप्रैल तक नागपुर में शादी कायर्क्रम में गए थे। 24 अप्रैल को उन्होंने घर में ताला लगाकर मौलाना कलाम को चाबी दे दी थी। मौलाना रोजाना सुबह 7 से 8 बजे तक घर आकर कुरान शरीफ पढ़कर जाते रहे। 29 अप्रैल को उन्होंने देखा कि घर की खिड़की टूटी हुई है, जिसके बाद मोहम्मद इब्राहिम को कॉल पर इसकी जानकारी दी। शादी से लौटकर घर में देखा कि ऊपर वाले कमरे में तीन अलमारी टूटी हुई थी। जिसमें रखे हुए चांदी के हार, कंगन, गिलास, पायल, और बैग में रखे 35 हजार नकद गायब थे। मामले में पुलिस ने 90 हजार रुपए के सामान और कीमती धातुओं की चोरी का केस दर्ज किया गया है।

# जयेश तिवारी भारतीय वुडबॉल टीम के लिए चयनित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 4 मई।** छत्तीसगढ़ के उभरते हुए खिलाड़ी जयेश तिवारी ने एक बार फिर राज्य का नाम रोशन किया है। उन्हें प्रतिष्ठित वर्ल्ड मास्टर गेम्स एवं 27वीं ताइवान ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय वुडबॉल टीम में चयनित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 24 मई 2025 के बीच ताइवान की राजधानी ताइपेई में आयोजित की जाएगी। साथ ही के युवा खिलाड़ी विशाल पोपट का भी चयन वुडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। यह आयोजन इंटरनेशनल मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होगा, जिसमें दुनियाभर के अनुभवी और प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। जयेश तिवारी पिछले कई वर्षों से वुडबॉल खेल में सक्रिय हैं। कठिन परिश्रम, अनुशासन और जुनून के बल पर उन्होंने जिला और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वुडबॉल एक नवाचारपूर्ण और रणनीति-आधारित खेल है, जिसमें खिलाड़ी को सटीकता, संतुलन और मानसिक दृढ़ता की जरूरत होती है और इन सभी गुणों में जयेश ने खुद को सिद्ध किया



है। शुरुआती दिनों में उन्हें प्रशिक्षण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। सीमित सुविधाओं में भी वे निरंतर अभ्यास करते रहे और आज उनका सपना साकार हुआ है। वे पहले भी वर्ष 2023 में स्वीडन के उप्साला शहर में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अलावा, उन्होंने गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अभी हाल ही में उन्हें मुख्यमंत्री और खेल मंत्री द्वारा पुरस्कृत भी किया गया था। जयेश तिवारी ने अपने चयन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। मैं अपनी पूरी मेहनत और लगन से देश का नाम ऊँचा करने का प्रयास करूंगा। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य से वुडबॉल खेल में किसी खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय चयन अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह अन्य युवाओं को भी खेल के प्रति प्रेरित करेगा और राज्य में वुडबॉल को नई पहचान दिलाएगा।

### राजधानी के विशाल पोपट का भी भारतीय वुडबॉल टीम में चयन

राजधानी के युवा खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी मंज़िल हासिल की जा सकती है। राज्य के उभरते हुए खिलाड़ियों जयेश तिवारी और विशाल पोपट का चयन केवल राज्य के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह साबित करता है कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी दमखम से कदम रख रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

## छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में फिर आंधी, 6 तक ऐसा ही रहेगा मौसम

**रायपुर, 04 मई।** पिछले 24 घंटे में चली आंधी-तूफान ने रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बेमेतरा, बालोद सहित कई जगहों पर तबाई मचाई। वेस्टर्न डिस्टरबेंस से छत्तीसगढ़ में मई में अंधड़, ओले-बारिश का दौर चल रहा है। अगले 3 दिन यानी 6 मई तक कुछ इलाकों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। शनिवार को भी रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समेत कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हो रही। वहीं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में ओले भी गिरे। इससे प्रदेश के तापमान में 4-5 डिग्री की गिरावट आई है। वहीं प्रदेश में 24 घंटे पहले आई आंधी-बारिश का असर रबी की फसल, सब्जियों और फलों में खासकर आम पर पड़ा है। भिलाई में पपीते, केले और चीकू की 500 एकड़ खेती प्रभावित हुई है। अंबिकापुर में शनिवार को दोपहर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बिलासपुर में तेज हवाएं चली, कई जगह पेड़ गिरने की भी शिकायत आई है। जिले में सुबह से तेज बारिश के साथ ओले भी गिर रहे। कई जगह बिजली सेवा बाधित अंधड़ से इलेक्ट्रिक पोल, तार टूटने से रायपुर, भिलाई समेत कई जिलों में बिजली सप्लाई ध्वस्त रही।

# बाल विवाह उन्मूलन के लिए जन जागरण जरूरी: मिश्र

**रायपुर, 4 मई।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश



मिश्र ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है । शिक्षा का प्रचार प्रसार न होने जागरूकता की कमी , पुरानी परम्पराओ को पालन करने के नाम पर होने वाले बाल विवाहों को रोकना सभी जागरूक नागरिकों का कर्तव्य है, वैसे तो बाल विवाह भी साल भर होते है पर रामनवमी से अक्षय तृतीया के बीच में अधिकाधिक संख्या में बल विवाह संपन्न होते है ,जिनमे कई बार तो वर वधु बने बच्चे अंगूठा चूसते हुए माँ की गोद में बैठे रहते है तो अनेक मामलों में दस ग्यारह वर्ष की उम्र में ही शादी कर जाती है ,इस आयु में बच्चे न तो शारीरिक तथा मानसिक रूप से विवाह जैसी गंभीर जिम्मेदारी निभाने के लायक होते है। बाल विवाह से बालिकाओ की पढाई लिखाई बंद हो जाती है बल्कि उन्हें कम उम्र से ही मातृत्व का बोझ उठाना पड़ता है जिसके लिए वे शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार नहीं होती। बाल विवाह की प्रथा न ही धार्मिक रूप से सही है और न ही सामाजिक रूप से पुरातन भारतीय व्यवस्था में भी व्यक्ति के शिक्षा पूर्ण करने के बाद युवावस्था में ही विवाह कर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश को उचित बताया गया है किसी भी धर्म ने नन्हे बच्चों की शादी को उचित नहीं ठहराया है बल्कि अल्पव्यस्क बालिकाओ की मृत्यु भी प्रसूति के समय हो जाती है। डॉ. मिश्र ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने आसपास अगर कोई भी नाबालिग बच्चे की शादी होते देखें तो तुरंत पुलिस प्रशासन एवं समिति को सूचित करें ताकि उस पर समय रहते समझाईश एवं कार्यवाही हो सके।

## ग्राम पंचायत हरीनभट्ठा और बैकोनी में सुशासन तिहार

**रायपुर, 4 मई।** ग्राम पंचायत हरीनभट्ठा और बैकोनी में सुशासन तिहार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छेत्र के जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे मुख्य रूप से उपस्थित हुए, सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस सुशासन तिहार के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी, और सुशासन तिहार की प्रशंसा की गई। साथ ही दोनों ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत बैकोनी में सरपंच महेश मिरी, उपसरपंच गेंदु कोशले, सहित ग्रामीणजन उपस्थित हुए । इसी तरह से ग्राम पंचायत हरीनभट्ठा में सरपंच जानकी रंजीत सोनवानी, उपसरपंच टीका राम, सचिव रामाधार साहू, सहित ग्रामीणजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

## पाकिस्तान से माल के आयात पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत

**रायपुर, 4 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने पाकिस्तान से आने वाले या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात और पारगमन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के भारत सरकार द्वारा उठाए गए साहसिक और निर्णायक कदम का तहे दिल से स्वागत किया है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा, ÷यह निर्णय एक मजबूत और स्पष्ट संदेश देता है कि सीमा पार से लगातार शत्रुता और भारत विरोधी गतिविधियों के सामने व्यापार और आर्थिक जुड़ाव जारी नहीं रह सकता है।÷

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा कि यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है, बल्कि व्यापारिक समुदाय और भारत के नागरिकों की भावना को भी दर्शाता है, जो लंबे समय से आतंकवाद का समर्थन या सहन करने वाले देशों के साथ आर्थिक संबंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तानी सामानों के सभी व्यापार और पारगमन को रोककर, सरकार ने राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

## एनआरआई कोटे की मेडिकल सीटों पर फर्जीवाड़ा: गुप्ता

**रायपुर, 4 मई।** छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई (अप्रवासी भारतीय) कोटे की सीटों को लेकर एक बार फिर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता संरक्षण में शिक्षा माफिया सक्रिय है और मेडिकल सीटों की खुलेआम खरीद-फरोख्त की जा रही है।



डॉ. गुप्ता ने दावा किया कि बीते वर्ष भी एनआरआई कोटे के नाम पर अपात्र छात्रों को दाखिला दिलाया गया था और इस वर्ष भी वही खेल फिर से दोहराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 13 अक्टूबर 2024 को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, साथ ही महाधिवक्ता कार्यालय से भी राय लिया गया था, फिर भी भ्रष्टाचार नहीं थमा। डॉ. गुप्ता ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एनआरआई कोटे को लेकर स्पष्ट गाइडलाइन दी है। इसमें कहा गया है कि केवल छात्रों के करीबी रिश्तेदारों की वंशावली के आधार पर ही इस कोटे का लाभ दिया जा सकता है। बावजूद इसके, छत्तीसगढ़ में यह नियम पूरी तरह से दरकिनार किया जा रहा है। कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने बताया कि नियम के अनुसार, केवल नीट उत्तीर्ण विद्यार्थी ही एनआरआई कोटे में प्रवेश के पात्र हैं।

## कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान



**रायपुर, 4 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित व्यापारिक नेताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन में एक ऐतिहासिक पल उस समय आया जब दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया को उनके अद्वितीय व्यापारिक योगदान और समर्पित सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्री भरतिया को एक सेवाभावी और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कैट ने देश के कोटि-कोटि व्यापारियों की समस्याओं को मुखरता से उठाया है और समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि श्री भरतिया का कार्य व्यापारिक समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस भव्य कार्यक्रम में देश भर से आए सैकड़ों प्रमुख व्यापारिक नेताओं की उपस्थिति में यह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। श्री भरतिया को मिले इस सम्मान से पूरे व्यापारी समाज में गौरव और उत्साह का वातावरण बना है। कैट छत्तीसगढ़ इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया को सम्मानित किए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करता है तथा उनके कुशल नेतृत्व में देश के व्यापारिक हितों की सतत उन्नति की कामना करता है।

# बच्चों को मोबाइल से दूर रखने शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित

**रायपुर, 4 मई।** स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां आरम्भ हो गई है । 45 दिनों के लम्बे अवकाश में बच्चे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में समय व्यतीत करते हैं । ज्यादा समय मोबाईल में रील्स देखने में व्यतीत करते हैं , छुट्टियों में बच्चे समय का सदुपयोग करें व विरासत के संस्कारों को सहेजें ताकि बच्चों में सहनशीलता , धैर्य , अनुशासन , संस्कार व करुणा जैसे गुणों का विकास हो सके। स्कूलों से बच्चों को 45 दिनों के लिए होमवर्क दिया जाता हैं । होमवर्क में नवीनता लाने जैन संवेदना ट्रस्ट ने ÷ सहेजें अपने विरासत के संस्कारों को ÷ विषय पर स्कूली टीचर्स के लिए कार्यशाला का आयोजन किया है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि वर्तमान परिवेश में अनुभव किया जा रहा है कि बच्चों में सहनशीलता , धैर्य की कमी देखी गई है । बच्चे सत्य से दूर भाग रहे हैं , वे अपना अधिकतम समय टी वी , मोबाईल , कम्प्यूटर में व्यतीत कर रहे हैं । एकाकी जीवन के कारण डिप्रेशन की स्थिति निर्मित हो रही है । बच्चों को इन विपरीत परिस्थितियों से उभारने जैन संवेदना ट्रस्ट ने अनूठा प्रोजेक्ट तैयार किया है व स्कूलों के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कर टीचर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है । प्रसिद्ध शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने वर्धमान द स्कूल , सन्तोषीनगर में आयोजित कार्यशाला में टीचर्स को 6 बिंदुओं का मंत्र दिया । जिसके आधार पर बच्चों को



45 दिनों के वेकेशन में प्रेक्टिकल कर प्रोजेक्ट लिखकर तैयार करना है । सर्वप्रथम दादा - दादी , नाना - नानी अथवा ऐसे वरिष्ठ परिजनों के साथ समय व्यतीत करना उनके अनुभव व संस्कारों को समझना उसके अनुसार प्रोजेक्ट बनाना है , इस संबंध में टीचर्स को जानकारी दी गई । प्रत्येक बच्चे को अपने माता पिता , बड़े भाई बहन व परिजनों के साथ अपने धार्मिक स्थल जाना , वहाँ के आत्मिक अनुभव को साझा करना है । मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने कार्यशाला में आगे बताया कि बच्चों को मोहल्ले के वरिष्ठजनों से परिचय बढ़ाना है , उनके अनुभव व्यवहार से सीखना है और अपना प्रोजेक्ट तैयार करना है । चोपड़ा ने आगे कहा कि बच्चों को पर्यावरण से जुड़कर जीवन जीना सीखना है , और अपने अनुभवों को प्रोजेक्ट के माध्यम से साझा करना है । बच्चों को अपने व्यवहार में दया , करुणा के गुणों का विकास कैसे हो इस दिशा में दैनिक जीवन में आचरण करना है , प्राणिमात्र के प्रति छोटी छोटी सहयोग की भावना रखते हुए कार्य करना और उन्हें प्रोजेक्ट के माध्यम से दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना है । अपने परिजनों के साथ प्रेमभाव बना रहे व बढ़े इस हेतु दिन में एक समय का भोजन सभी साथ बैठकर करें , व आपस में सार्थक चर्चा करते रहें । कार्यशाला के माध्यम से टीचर्स को उपरोक्त प्रोजेक्ट के विषय में मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने विस्तार से समझाया जिससे टीचर्स आगामी 45 दिनों के लिये बच्चों को होमवर्क में उपरोक्त विषयों का समावेश कर सके । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करना है । जीवन में संस्कारों के महत्व को समझना व समझाना जरूरी है । शिक्षाविद व मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा ने कहा कि संस्कार विरासत में मिलते हैं , बाज़ार से खरीदे नही जा सकते । इसी मूल वाक्य को कार्यशाला प्रोजेक्ट में समाहित किया गया है । अनेक स्कूलों में कार्यशाला आयोजित कर बच्चों को प्रोजेक्ट बनाने होमवर्क दिया जावेगा । छुट्टियों के पश्चात पहली से बारहवीं तक की कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय प्रोजेक्ट्स को पुरस्कृत किया जावेगा ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26